वर्ष- 21 अंक - 259 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 05 मार्च 2026




## आज की रात वानखेड़े में फैसला

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आज रात भारत और इंग्लैंड के बीच हाई-वोल्टेज सेमीफाइनल खेला जाएगा, जहां दोनों टीमें 'करो या मरो' की स्थिति में होंगी। यह मुकाबला केवल कौशल का नहीं, साहस और संतुलन का भी है। जो टीम दबाव में अपने सर्वश्रेष्ठ के करीब पहुंचेगी, वही फाइनल का टिकट हासिल करेगी।

## चारभुजा जा रहे तीन यात्रियों को ट्रक ने ठोका

**रतलाम.एजेंसी।** महू-नीमच हाईवे पर जावरा के आगे ग्राम परवलिया के समीप श्री चारभुजाजी नाथ की यात्रा पर पैदल जा रहे रतलाम के तीन श्रद्धालुओं को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे एक श्रद्धालु की मौत हो गई तथा उनके दो साथी घायल हो गए।

## 50 झुग्गियां राख

**नई दिल्ली.एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास झुग्गियों में भीषण आग लग गई जिससे 50 झुग्गियां राख हो गई।

## कनाडा के पीएम ने कहा– मोदी अलग किस्म के नेता

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारत के दौरे पर आए कनाडा के पीएम मैक कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ में कहा कि वो बिल्कुल अलग किस्म के नेता हैं और उन्होंने पिछले 25 साल में एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है। उनका ये बयान भारत से वापस कनाडा लौटने के बाद आया है।

## पाकिस्तान में अपना स्टाफ कम करेगा अमेरिका

**गुरुवार.एजेंसी।** पिछले दिनों पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर ईरान समर्थकों ने हमला किया था। इस वजह से अमेरिका में पाकिस्तान के करांची व लाहौर में अपने गैर जरूरी स्टाफ को पाकिस्तान छोड़ने को कहा है।

## ट्रंप की गर्दन पर लाल निशान



**वॉशिंगटन.एजेंसी।** उम्र के अंतिम पड़ाव पर चल रहे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एक साथ कई देशों के साथ युद्ध कर रहे हैं। वहीं उनकी सेहत को लेकर एक बार फिर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। ट्रंप की एक तस्वीर वायरल हो रही है जिसमें ट्रंप की गर्दन पर लाल निशान दिखाई दे रहा है।

# भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत को अमेरिका ने डुबोया

**87 सैनिकों की मौत, 60 लापता**

गुरुवार ● एजेंसी



अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग के दौरान अमेरिका ने ईरान के एक युद्धपोत को श्रीलंका के पास निशाना बनाकर समुद्र में डुबो दिया। इस युद्धपोत में करीब 180 ईरानी सैनिक सवार थे। इनमें से 87 की मौत हो गई जबकि करीब 60 सैनिक लापता हैं। श्रीलंका की नौसेना और वायु सेना ने करीब 32 लोगों को बचा लिया और कई शव भी समुद्र से निकाले। ईरान का यह जहाज भारत के विशाखापट्टनम में आयोजित नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था तभी अमेरिकी सबमरीन ने श्रीलंका के पास समंदर की गहराई से जहाज पर मिसाइलें दागीं।

## ईरान युद्ध में भारतीय बंदरगाहों का इस्तेमाल नहीं

**अमेरिका-ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी न्यूज चैनल पर किए जा रहे इस दावे का विदेश मंत्रालय ने खंडन किया है कि ईरान युद्ध में भारतीय बंदरगाहों का इस्तेमाल हो रहा है।**

## युद्ध में राजस्थान के युवक की मौत



**नागौर.एजेंसी। राजस्थान के नागौर के बामणा गांव के रहने वाले युवक दिलीप की ओमान में मौत हो गई। दिलीप क्रूड ऑइल कंपनी के जहाज पर नौकरी करता था। ओमान के पोर्ट पर जहाज पर ईरानी मिसाइल गिरने से दिलीप की मौत हुई और जहाज भी क्षतिग्रस्त हो गया।**

## भारत को 95 लाख बैरल तेल भेजने को तैयार रूस

**गुरुवार.एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में चल रही जंग के कारण भारत में तेल का संकट पैदा हो सकता है, लेकिन रूस अब भारत की मदद के लिए आगे आया है। भारत को 95 लाख बैरल तेल भेजने के लिए रूस तैयार है। भारत के पास फिलहाल 25 दिन का कच्चे तेल का भंडार है। युद्ध के कारण तेल के किल्लत के साथ कीमत भी बढ़ रही है। इस बीच खाड़ी जा रहे भारत के 1000 कंटेनर पोर्ट पर फंस गए हैं।

## युद्ध पर 19 लाख करोड़ खर्च करेगा अमेरिका, ट्रंप ने खुद को दिए 10 में से 15 नंबर

गुरुवार.एजेंसी। ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर ट्रंप सरकार का कहना है कि हम किसी भी हालत में रुकेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं। इस युद्ध पर 19 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पहले दो दिन में ही अमेरिका के 6900 करोड़ खर्च हो चुके हैं। इस बीच ट्रंप ने युद्ध पर अपने आप को 10 में से 15 नंबर देते हुए कहा कि हम मजबूत स्थिति में हैं।

## ईरान में 1045 मरे, अमेरिका के 650 सैनिकों की मौत

गुरुवार.एजेंसी। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के ताबड़तोड़ हमले से अभी तक 1045 लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। बड़ी तादाद में इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। पिछले 5 दिनों में इजराइल ने ईरान पर 5000 बम गिराए जिससे ईरान में हर तरफ तबाही का मंजर दिखाई दे रहा है। उधर ईरान के हमले में अब तक 650 अमेरिका सैनिक हताहत हुए हैं। अमेरिका को अपना एयरक्राफ्ट केरियर भी पीछे हटाना पड़ा।



# नीतीश छोड़ेंगे कुर्सी

## बेटा बनेगा डिप्टी सीएम

**पटना.एजेंसी।** बिहार से दिल्ली तक यह अटकलें तेज हैं कि नीतीश कुमार आज राज्यसभा प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरेंगे और उनके साथ अमित शाह भी रहेंगे। खबरों के मुताबिक 16 मार्च को राज्यसभा का चुनाव होगा और उसके बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। नीतीश कुमार की जगह कोई नया मुख्यमंत्री बनेगा और नीतीश के बेटे निशांत को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। जदयू के दो उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं। नए मुख्यमंत्री के लिए भाजपा के सम्राट चौधरी, नित्यानंद राय और डॉ. दिलीप जायसवाल के नाम चर्चा में हैं।

## ट्रेन के वॉशरूम में जज की पत्नी की मौत

**रतलाम.एजेंसी।** अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजकुमार चौहान और उनकी पत्नी उषा चौहान जोधपुर से निंबाहेड़ा जा रहे थे। दोनों पति-पत्नी ट्रेन में अलग-अलग कोच में सफर कर रहे थे। निंबाहेड़ा पहुंचने से पहले उषा चौहान ने अपने पति को फोन कर बताया कि वह वॉशरूम जा रही हैं। इसके बाद जब ट्रेन निंबाहेड़ा स्टेशन पहुंची तो जज राजकुमार चौहान ट्रेन से उतर गए, लेकिन उनकी पत्नी बाहर नहीं आईं। पति ने रेलवे पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने जावरा में ट्रेन रुकवाकर वॉशरूम का दरवाजा तोड़ा। अंदर उषा चौहान मृत अवस्था में मिली। डॉक्टरों ने बताया कि संभवतः उन्हें साइलेंट अटैक आया था।

## भोपाल के हॉस्पिटल में युवक की मौत के बाद पथराव-तोड़फोड़

**भोपाल.एजेंसी।** भोपाल के पटेल नगर स्थित लक्ष्मी हॉस्पिटल में एक युवक की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ की और पुलिस पर पथराव कर दिया। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि पुलिस के वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए।

# ईरान ने दी परमाणु बम की फैक्ट्री उड़ाने की धमकी

**गुरुवार.एजेंसी।** ईरान ने अब तक की सबसे बड़ी धमकी देते हुए कहा कि अगर ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश की गई तो हम इजराइल की परमाणु बम की फैक्ट्री को उड़ा देंगे। इस बीच ईरान पर हो रहे हमले के कारण राजधानी तेहरान से दो दिन में 1 लाख लोग शहर छोड़कर चले गए। ताजा हमलों में ईरान के बुकान शहर पर भारी बमबारी हुई। इस बीच ट्रंप की हत्या करने की कोशिश करने वाले एक ईरानी अधिकारी को भी अमेरिका ने मार डाला।

# कांग्रेसी बारी-बारी से भागीरथपुरा के दिवंगतों के घर पहुंचे गुलाल लगाने

## 36 परिवारों में पहली होली पर कांग्रेस ने किया शोक व्यक्त, सभी मृतकों के परिजनों को मिले 1 करोड़ का मुआवजा, कांग्रेस का आरोप भाजपा नेता और निगम अधिकारी धुलेंडी पर नहीं पहुंचे पीड़ित परिवार के बीच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि कल बडे पर्व धुलेंडी पर शहर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भागीरथपुरा में दूषित जल हादसे में जान गंवाने वाले सभी 36 परिवारों के घर पर जाकर पहली होली पर कांग्रेस ने शोक जताया। इधर चौकसे ने अपने कांग्रेसी साथियों के साथ एक के बाद एक 36 मृतक परिवारों के बीच पहुंचकर शोक व्यक्त किया और परिवार के बड़ों से लेकर छोटे तक को गुलाल लगाई। चौकसे ने कहा कि शासन-प्रशासन और निगम की लापरवाही के चलते लोगों के घर तक पीने का दूषित पानी पहुंचा था और निर्दोष 36 लोगों की जानें गई। शासन ने कुछ परिजनों को 2-2 लाख के मुआवजा के चेक दिए जो काफी कम है। चौकसे ने अब नई मांग उठाई कि जिस तरह ड्रेनेज चैम्बर में 2 कर्मचारियों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने तत्काल 30-30 लाख रु. का मुआवजा घोषित किया उसी तरह भागीरथपुरा के मृतकों के परिवार के लिए एक-एक करोड रुपए का मुआवजा घोषित किया जाएं और तत्काल राशि भी चेक के माध्यम से दी जाए। साथ ही मृतक के परिवार में से किसी एक को सरकारी नौकरी भी दी जाए। सभी मृतक के परिजनों को चौकसे और मौजूद कांग्रेसियों ने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस उनकी पूरी लड़ाई लड़ेगी। चौकसे अपने साथियों के साथ एक के बाद एक हर घर पर पहुंचे। उन्होंने मृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर बातचीत भी की। मृतकों के परिजनों ने कहा कि आज पहली होली पर हमारे घर पर हमारे रिश्तेदार आए हैं और उसके साथ कांग्रेस के नेता आ गए। इस हादसे के लिए जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी और नगर निगम का कोई पदाधिकारी अथवा जन प्रतिनिधि उनके घर पर नहीं पहुंचा। चौकसे ने कहा कि ड्रेनेज के चेंबर पर हुए हादसे में निगम के कर्मचारी और एक अन्य की मौत हुई तो प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्काल 30-30 लाख रुपए का मुआवजा घोषित किया है, निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री की यह पहल स्वागत योग्य है। इसके साथ ही हमारी मांग है कि भागीरथपुरा की घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को एक-एक करोड रुपए का मुआवजा तत्काल घोषित किया जाएं। यदि सरकार द्वारा अभी भी इस मांग पर ध्यान नहीं दिया गया तो कांग्रेस फिर से आंदोलन शुरू करेगीं।







## विधायक ने पूजन कर शुरू कराया फाग उत्सव

### *श्री परिवार का आयोजन*

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** उषानगर स्थित श्री धाम में श्री परिवार द्वारा फाग उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरूआत भगवान की पूजा के साथ विधायक मालिनी गौड और श्री परिवार के लोगों द्वारा की गई। बनवारी बाबा के प्रवचन भी हुए। दिनेश चितलांग्या, निधि बंग, पार्षद हरप्रीत लुथरा, ईश्वर भारद्वाज, डॉ. रवि वर्मा, विजय पाटील, विनय रघुवंशी सहित अन्य मौजूद थे।



## मृतक कर्मचारियों के घर पहुंचे कांग्रेसी

### 1 करोड़ मुआवजा, आवास और परिजनों को स्थाई नौकरी दी जाए

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** चोइथराम मंडी क्षेत्र के चेम्बर में दो कर्मचारियों करण यादव और अजय डोंडिया की एक पाइप निकालने के कारण मृत्यु हो गई थी। कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव और नितिश भारद्वाज कल बारी-बारी से दोनों मृतकों के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया और शोक संवेदना भी व्यक्त की। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस मामले में पत्र लिखा गया है कि वे दोनों मृतक के परिजनों को स्थाई नौकरी नगर निगम में दें और एक-एक आवास भी अलार्ट किए जाए और जो 30 लाख की मुआवजा दिया गया है उसकी जगह 1 करोड़ की सहायता राशि दी जाए और इस हादसे में जो भी दोषी है उन पर गैर इरादत हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाए।

## भाजपा पार्षद ने करवाई वार्ड से 7 लाख की सहयोग राशि



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4, वार्ड क्रमांक 82 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी की आजीवन सहयोग निधि पार्षद नितिन शर्मा शानू के प्रयास से उनके साथ अजय बड़जात्या, संजय मोटवानी, विजय पाठक, सतीश पालीवाल, राजेश जोशी, वैभव उपाध्याय., कमल नारंग असीम माहेश्वरी, जयंत जोशी, दिलीप जैन, विनय बाला जैन, अनिता पाल, निर्मला ओम ठाकुर, उज्ज्वला मालवीय, मोनिका चौरसिया ने मिलकर 7 लाख की सहयोग निधि राशि जुटाई और यह राशि प्रभारी गोलू शुक्ला को सौंपी।

## विधानसभा तीन से आकाश विजयवर्गीय धीरे-धीरे होने लगे लुप्त

### बैनर-पोस्टर, विज्ञापन में केवल दिखे विधायक गोलू शुक्ला, इस विधानसभा में लगातार बदलते है, प्रत्याशी, इसलिए बदल भी जाती है आस्था

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** किसी समय विधानसभा 3 को कांग्रेस का गढ़ माना जाता था, इसी 3 नम्बर विधानसभा से सुमित्रा महाजन विधानसभा का चुनाव भी लडी थी और वे महेश जोशी के हाथों पराजित हुई थी। गोपीकृष्ण नेमा यहां से विधायक बने भी चुनाव भी हारे और यहां से उषा ठाकुर, आकाश विजयवर्गीय और अब गोलू शुक्ला भाजपा से विधायक बने है। ज़ब गोपी नेमा चुनाव लडते थे तब विधानसभा छोटी थी और अब विधानसभा भी बड़ी हो चुकी है, लेकिन यहां अभी भी 10 ही वार्ड है। पहले जब उषा ठाकुर और उनके बाद आकाश विजयवर्गीय विधायक बने तो पहले मंडल से लेकर वार्ड पदाधिकारी तक वर्तमान विधायक के बैनर-पोस्टर में फोटो लगाते रहे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का दबदबा हर विधानसभा में राजनीतिक रूप से है और उसी के चलते पिछली बार आकाश विजयवर्गीय को भाजपा ने टिकिट दिया था और वे जीते भी थे और उन्होने 10 वार्डो में नेताओं और कार्यकर्ताओं की फौज भी खडी की थी। राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि कैलाश विजयवर्गीय और आकाश विजयवर्गीय के समर्थक और प्रशंसक कम ही बदलते है लेकिन विधानसभा चुनाव को अभी सवा दो साल ही हुए और इस साल देखने में आ रहा है कि विधायक रहते उनके इर्द-गिर्द घूमने वाले भाजपा नेता और कार्यकर्ता अब आकाश विजयवर्गीय का चित्र नदारत कर रहे है और कुछ लगवा भी रहे है तो आकाश का चित्र कोने में छोटा लगवा रहे है। संस्था शक्ति नवयुवक मण्डल राधा गोविंद का बगीचा, जूनी इन्दौर ने होली दहन का आयोजन इस वर्ष भी बडे रूप में किया लेकिन उन्होने तत्कालीन विधायक आकाश विजयवर्गीय को आयोजक पिल्लू कौशल ने नजरअंदाज किया और कई बैनर पोस्टर और पेपरों में लगे विज्ञापन में से भी आकाश विजयवर्गीय ज्यादातर नदारत रहे। एकाध विज्ञापन में आकाश विजयवर्गीय को कोने में जगह मिली। यह पूरा घटनाक्रम विधानसभा 3 के सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बन गया। कुछ विजयवर्गीय समर्थकों ने इस मुद्दे को उठाया भी। कुछ ने यह भी लिखा कि पिल्लू कौशल शुद्ध रूप से व्यवसायिक दृष्टिकोण रखते है इसीलिए वे वर्तमान ताकत को तवज्जों देते है। इसी कारण होली दहन की प्रचार सामग्री और विज्ञापन में तत्कालीन विधायक आकाश विजयवर्गीय की जगह वर्तमान विधायक गोलू शुक्ला को पूरी तवज्जों मिली। कुछ ने सोशल मीडिया पर यह भी लिखा कि जब गोपी नेमा विधायक थे तब भी पिल्लू कौशल को पूरी तवज्जों मिलती थी, इसी कारण कांग्रेस के एक बडे नेता उन पर तिरछी नजर रखते थे। अब कांग्रेस नेता क्या करे,इन सवा 23 साल में से 22 साल से तो भाजपा की सरकार है और अभी आगे भी 3 साल रहना है और उसके बाद चुनाव में क्या होगा वह जनता तय करेगी?

## दुबई रिटर्न दादा को पौते ने लगाई गुलाल



**इंदौर।** पूर्व विधायक संजय शुक्ला मंगलवार शाम को दुबई से इंदौर आ गए। विमानतल पर शुक्ला का समर्थकों ने स्वागत भी किया। कल धुलेंडी पर दुबई रिटर्न दादा संजय शुक्ला को पौते ने गुलाल लगाई।

# विजयवर्गीय बजरबट्टू बनेंगे या नहीं, आज दोपहर में होगा तय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**महापौर पहले ही कह चुके हैं गेर में नहीं होंगे शामिल, इस मुद्दे पर लोगों की लगी है निगाह  कांग्रेस भी चाहती है मुद्दा बनाना**

विधानसभा 1 के वार्ड 11 स्थित भागीरथपुरा में दूषित जल पीने से बड़ी संख्या में रहवासियों की मृत्यु हो गई थी, जिसे कांग्रेस ने भी मुद्दा बनाया था। इधर बजरबट्टू कार्यक्रम 7 मार्च को करने का ऐलान भी विजयवर्गीय समर्थकों ने किया। यह घोषणा काफी पहले हो चुकी है और यह भी कहा गया कि विजयवर्गीय बजरबट्टू बनेंगे उसके बाद कांग्रेसियों ने कहा कि वे बैनर पोस्टर भी लगाएंगे और विजयवर्गीय को भागीरथपुरा की मृत्यु का एहसास भी कराएंगे। कुछ कांग्रेसियों का कहना था कि बजरबट्टू बनने के बाद भागीरथपुरा का मुद्दा उठाएंगे। इधर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भागीरथपुरा मुद्दे पर रंग पंचमी की गेर में शामिल नहीं होने की घोषणा की है। अब लोगों की निगाह बजरबट्टू कार्यक्रम पर लगी है कि विजयवर्गीय बजरबट्टू बनेंगे या नहीं। इधर कांग्रेस का कहना है कि वे विजयवर्गीय के बजरबट्टू बनने के बाद मुद्दा उठाएंगे कि मंत्री हास्य कामेडियन बने है। इधर कांग्रेसी कल भागीरथपुरा पहुंचकर मृतकों के परिजनों को रंग लगा चुकी है। अब लोगों की निगाह मंत्री विजयवर्गीय के फैसले पर लगी है कि वे बजरबट्टू बनेंगे या नहीं। सूत्रों का यहां तक कहना है कि विजयवर्गीय बजरबट्टू नहीं बनेंगे तो कार्यक्रम ही निरस्त हो सकता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि आज 11 बजे शतक फिल्म देखने के बाद सभी भाजपाई थिएटर से निकलेंगे और दोपहर 2 बजे बैठक करेंगे, जिसमें निर्णय लेंगे कि विजयवर्गीय बजरबट्टू बनेंग या नहीं, कार्यक्रम होगा या नहीं। इधर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर यह भी डाला कि पहले भी बारिश के कारण बजरबट्टू निरस्त हुआ था। अब भागीरथपुरा के दूषित पानी से हुई मौत के कारण यह कार्यक्रम निरस्त हो सकता है, जिसकी संभावना जताई जा रही है। आज दोपहर 2 बजे विजयवर्गीय और उनकी टीम क्या फैसला लेती है इस पर सबकी निगाह लगी हुई है। बजरबट्टू कार्यक्रम सुर्खियों में बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि भागीरथपुरा के बाद पत्रकार से चर्चा और विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष पर किए गए शब्दों की बौछार के बाद वैसे ही विजयवर्गीय भोपाल से लेकर दिल्ली तक चर्चा में हैं, इसलिए अब यही संभावना है कि विजयवर्गीय बजरबट्टू बनने से बचेंगे और चर्चा से दूर रहने की कोशिश करेंगे।



# विजयवर्गीय घायल बिन्दु चौहान से मिलने पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर विगत दिनों विवाद की स्थिति के बाद हुए पथराव में भाजपा नेत्री बिन्दु चौहान घायल हो गई थी, जिन्हें अस्पताल में दाखिल भी किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी अस्पताल में बिन्दु चौहान से मिलने पहुंचे थे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बिन्दु चौहान से देरी से मिलने पहुंचे उनके साथ मंडल अध्यक्ष नितेश जैन भी मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं के साथ फिल्म देखने पहुंचे विजयवर्गीय

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 1 के विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज अपनी विधानसभा के 17 वार्डों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बिजासन रोड स्थित सेवा घर में फिल्म दिखा रहे हैं। आज 11 बजे वाला शो भाजपाइयों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

# होली इवेंट में शराबखोरी पर बजरंग दल का हंगामा



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विहिप के प्रचार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि होली पर हुए इवेंट को लेकर खजराना थाना क्षेत्र के बायपास गार्डन पर शराब खोरी की जा रही थी। इसकी जानकारी विहिप बजरंग दल के प्रवीण दरेकर को मिली तो उन्होंने इस आयोजन पर आपत्ति ली और पुलिस अधिकारी से मिलकर ज्ञापन



भी पूर्व में सौंपा था कि शहर में होली इवेंट में कहीं शराबखोरी नहीं होने दी जाए। कल भी सूचना के बाद बजरंग दल कार्यकर्ता बायपास गार्डन पर पहुंच गए थे और वहां शराब की बोतलें और शराब पी रहे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले भी किया था। इस मामले में बजरंग दल कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कहासुनी भी हुई थी क्योंकि उन्हें गार्डन में जाने से रोका गया था और इसी कारण विवादित लोग मौका पाकर भाग निकले। लक्की रघुवंशी ने गार्डन मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है और यह भी कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो बजरंग दल खजराना थाना का घेराव करेंगे।

# *खंडेलवाल कर रहे गेर की तैयारी*

## इस बार युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से पहुंच रहे है कालेज में निमंत्रण देने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था सृजन के कमलेश खंडेलवाल, तनूजा खंडेलवाल ने बताया कि संगम कार्नर गेर चल समारोह समिति के बैनरतले रंगपंचमी के दिन सुबह मल्हारगंज क्षेत्र के संगम कार्नर से गेर निकाली जाएगी। टेशू के फूल से गुलाल तैयार की जा रही है। खंडेलवाल ने बताया कि गेर में सामाजिक समरसता रहेगी, गेर में  बरसाना की टीम लट्ठ मार होली  खेलती चलेगी वही भगवान राधाकृष्ण की जोड़ी रासरंग करेगी एवं बांके बिहारी का ढोल आकर्षण का केंद्र रहेगा। देशभक्ति के गीतों पर युवाओं की टोली भांगडा करती हुई चलेगी, 200 फीट ऊपर तक मिसाइल से पानी की मार की जाएगी, राजबाडा पर तिरंगा गुलाल से बनाया जाएगा, अग्नि मिसाइल से गुलाब की पंखुडियां उडाई जाएगी, युवाओं के लिए रनगाडा, ट्रैक्टर, आयशर और डम्पर रहेंगे जिसमें युवा रंगपंचमी का लुत्फ उठाएंगे। इस आयोजन में ज्यादा से ज्यादा युवा पहुंचे इसके लिए कमलेश खंडेलवाल अपनी टीम के साथ कालेज, कोचिंग, होस्टल, पहुंचकर युवा छात्रों, उद्योगपति, व्यापारियों, सामाजिक संगठन पदाधिकारियों को निमंत्रण दे रहे है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष  हेमंत खंडेलवाल सहित प्रभारी और वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रण भेजा है, इन्दौर के सभी जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। गेर को संचालित करने हेतु 25 समितियों के माध्यम से 500 कार्यकर्ताओ को जवाबदारी सौंपी जा रही है।

# भाजपाई नहीं पहुंचे भागीरथपुरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कांग्रेसियों ने बनाया सोशल मीडिया के माध्यम से मुद्दा**

इंदौर के बाद प्रदेश और देश में भी भागीरथपुरा के दूषित जल से मृतक लोगों का मुद्दा सुर्खियों में बना था और इस घटना के बाद बड़ा त्योहार होली का आया और कल धुलेंडी पर जहां कांग्रेसी बड़ी संख्या में सभी मृतक परिवार क़े घरों में पहुंचकर गुलाल डाला। वहीं चोइथराम मंडी के चेम्बर में दो मृतक के घर भी कांग्रेसी पहुंचे। इन दोनों ही जगह पर भाजपाई नहीं पहुंचे तो कांग्रेस ने कल से ही सोशल मीडिया को राजनीतिक रंग से रंगना शुरू कर दिया था। कांग्रेस नेता रानू मलोरिया ने बताया कि हम चिंटू चौकसे सहित अन्य कांग्रेसियों के साथ हर मृतक परिवार के घर पहुंचे और यहां के रहवासी की निगाह भी भाजपाइयों पर लगी रही, लेकिन भाजपाई जनप्रतिनिधियों से लेकर कार्यकर्ता और निगम के अधिकारी भी पीड़ित परिवार के यहां नहीं पहुंचे। कांग्रेसियों ने कल दोपहर के बाद सोशल मीडिया पर जमकर भाजपाइयों के नहीं पहुंचने का मुद्दा उठाया।

# होली मिलन में भाजपा और कांग्रेस दोनों पीछे रही

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दिवाली और राखी के बाद होली का बड़ा पर्व माना जाता है और भाजपा व कांग्रेस दोनों ही होली मिलन के आयोजन करती है। कुछ विधायक, पूर्व विधायक भी मिलन के कार्यक्रम करते हैं। पिछले साल भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भी होली मिलन का आयोजन किया था, लेकिन इस बार होली मिलन के आयोजन की सूचना भाजपा और कांग्रेस दोनों ही ओर से नहीं आई है। भाजपाई और कांग्रेसी होली मिलन का इंतजार करते रहे कि उन्हें मिलन के नाम पर एक-दूसरे से मुलाकात करने का मौका मिल जाएगा। इधर भाजपाई भागीरथपुरा का हवाला देकर मिलन के आयोजन से बचने की कोशिश करते रहे। उधर कांग्रेसियों का यह भी कहना था कि हम भागीरथपुरा के कारण इवेंट नहीं कर रहे हैं और कुछ कांग्रेसियों ने कहा कि हमने होली तक नहीं खेली है तो मिलन का आयोजन कैसे करें।

# जीतू पटवारी के दौरे के पहले काम पर लगे प्रभारी

*तीन दिनों तक रहेगा ब्लॉक स्तर पर दौरा, शहर में इन तीन दिनों में पटवारी का कार्यक्रम कुछ भी तय नहीं*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ब्लॉक स्तर के संगठन को मजबूत करने की दिशा में तीन दिनों तक जिले की चार विधानसभाओं का संगठनात्मक दौरा करेंगे। 12 से 14 मार्च तक होने वाले इस तीन दिवसीय दौरे में ग्राम और वार्ड समिति कार्यकर्ता सम्मेलन भी होंगे। 12 मार्च को महू विधानसभा में ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन, 13 मार्च को सांवेर विधानसभा में ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन और 14 मार्च को देपालपुर में ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन होगा। महू विधानसभा को लेकर अभी कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। इसके लिए संबंधित विधानसभा और ब्लॉक प्रभारियों को जिम्मेदारी दे दी गई है। वे अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में बैठक भी करेंगे। इधर सूत्रों का यह भी कहना है कि जिले में आज से मंडलम अध्यक्ष बनाने को लेकर विधानसभा प्रभारी और ब्लॉक प्रभारी बैठक के दौरान अध्यक्ष के नाम पर सर्वसम्मति भी करवाएंगे। सूत्रों का यह भी कहना है कि जीतू पटवारी की अलग-अलग विधानसभा में तीन दिनों तक मौजूदगी में उन्हीं विधानसभा के मंडलम अध्यक्षों की घोषणा भी की जा सकती है। पटवारी के तीन दिवसीय दौरे को लेकर जिला अध्यक्ष भी संगठन महामंत्री के साथ तैयारी में जुट गए हैं।

# गेर मार्ग पर निगम की फौज लेकर पैदल घूमे आयुक्त

## खतरनाक मकानों पर निगम ने लगाए सूचना बोर्ड

### क्षेत्र में वाटर सप्लाई टैंकर एवं पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



**रंग पंचमी के त्योहार पर शहर में निकलने वाली रंगारंग गेर के मार्ग पर आज निगम की फौज को लेकर आयुक्त पैदल घूमें। निगम के द्वारा इस मार्ग पर स्थित खतरनाक और जर्जर मकानों पर नोटिस लगा दिया गया है। इस क्षेत्र में वाटर सप्लाई टैंकर और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था पर आज दौरे के दौरान चर्चा की गई।**

नगर में आगामी रंगपंचमी पर निकलने वाली पारंपरिक गेर यात्रा को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने हेतु आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज टोरी कॉर्नर चौराहा से गैर मार्ग का निरीक्षण किया गया। सिंघल ने गेर में सम्मिलित होने वाले वाहनों की संभावित संख्या, मार्ग की वर्तमान स्थिति तथा मार्ग में आने वाले जर्जर एवं खतरनाक भवनों में संरचनाओं का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां आवश्यकता हो वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, चेतावनी एवं सूचना बोर्ड लगाए जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयुक्त द्वारा संपूर्ण गेर मार्ग पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता रखने तथा भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत आवश्यक स्थानों पर बेरिकेटिंग किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रमुख बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने तथा नियंत्रण कक्ष से सतत मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए गए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ग़ेर मार्ग की मुख्य सड़क एवं संपर्क मार्गों का अवलोकन कर आवश्यकता अनुसार मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही राजवाड़ा, गोपाल मंदिर एवं अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व धार्मिक इमारतों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए तिरपाल के माध्यम से कवर किए गए कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन स्थलों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

### सफाई का ध्यान रखना है

सिंघल ने रंगपंचमी ग़ेर संपन्न होने के पश्चात संपूर्ण गेर क्षेत्र, संपर्क मार्गों तथा शहर के प्रमुख स्थानों एवं बाजारों में विशेष सफाई अभियान चलाने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पर्याप्त संसाधनों एवं कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित कर त्वरित एवं प्रभावी सफाई अभियान संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे।

# दरोगा को बना दिया सफाई कर्मी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा झोन क्रमांक 2, 13 एवं 18 के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। झोन क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 68 सिलावटपुरा एवं मुंबई बाजार क्षेत्र में सफाई कार्य निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में पर्याप्त सफाई व्यवस्था नहीं होने पर सीएसआई एवं क्षेत्रीय दरोगा को फटकार लगाई गई। सफाई कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर वार्ड 68 के दरोगा विवेक धौलपुरे एवं सहायक दरोगा मनीष पटेल को तत्काल कार्य से हटाने के निर्देश दिए गए।**

**काम में लापरवाही भारी पड़ी**

आयुक्त द्वारा झोन क्रमांक 13 के वार्ड 74 के अंतर्गत मैकेनिक नगर, विष्णुपुरी, मां अहिल्या उद्यान का निरीक्षण किया गया। मां अहिल्या उद्यान विष्णुपुरी के निरीक्षण के दौरान नागरिकों से स्वच्छता और उद्यान में री यूज पानी के कनेक्शन के संबंध में चर्चा की गई एवं इस संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वार्ड क्रमांक 74 की सफाई व्यवस्था के दौरान कर्मचारियों के उपस्थित नहीं पाए जाने पर क्षेत्रीय सीएसआई अभिषेक तिवारी को निर्देशित किया कि वार्ड क्रमांक 74 की हाजिरी रजिस्टर को चेक करें और जो कर्मचारी अनुपस्थित है उन पर कार्यवाही करे। वार्ड क्रमांक 53 के अंतर्गत कोहिनूर कॉलोनी, आजाद नगर एवं अन्य क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में कचरे के पॉइंट बनने एवं सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाए जाने पर वार्ड दरोगा प्रवीण खरे को फटकार लगाते हुए दरोगा पद से हटाकर फिर से मूल पद सफाई कर्मचारी का कार्य देने के निर्देश दिए गए।

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो गई। रंगों के पर्व धुलेंडी के अगले दिन ही सुबह जल्दी विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए पहुंचना पड़ा। इस परीक्षा में आज पहला प्रश्न पत्र रखा गया था। विश्वविद्यालय की आज से स्नातक स्तर की तृतीय वर्ष और चतुर्थ वर्ष की परीक्षा हो रही है। परीक्षा का समय सुबह 7 बजे से 10 बजे तक रखा गया। सुबह 7 का परीक्षा का समय होने के कारण विद्यार्थियों को 6.30 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए कहा गया था। इसके चलते हुए अपने घरों से परीक्षा केंद्र के लिए विद्यार्थी 5.30 बजे से ही निकल पड़े थे।

सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुबह से ही चाक चौबंद व्यवस्था थी। परीक्षा में जिन प्रोफेसर की ड्यूटी लगाई गई वह भी अपने कॉलेज में 6.30 बजे पहुंच गए थे। 7 बजे विद्यार्थियों को चेकिंग कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाने लगा। वैसे तो स्नातक स्तर की परीक्षा 3 वर्ष की ही होती है। नई शिक्षा नीति में इस स्नातक स्तर में चौथा वर्ष भी जोड़ा गया है। इसे विद्यार्थियों के लिए एच्छिक रखा गया है। विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में आज से इंटरनल की परीक्षाएं शुरू हो गई है। इस परीक्षा के लिए यूटीडी के सभी अध्ययनशाला में पहले से ही तैयारी पूरी हो गई थी।

# महिला को जबरन रंग लगाने से रोका तो मजदूरों ने साथियों को पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

***रबर फैक्ट्री में खूनी संघर्ष,बीच-बचाव करने आए 3 मजदूर लहूलुहान***

बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम कालासुरा स्थित खालसा रबर फैक्ट्री में होली के जश्न के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि पांच मजदूरों ने मिलकर अपने ही साथियों पर जानलेवा हमला कर दिया। विवाद की शुरुआत एक महिला मजदूर को जबरन रंग लगाने और उसके साथ बदतमीजी करने से हुई थी। जब परिजनों ने विरोध किया, तो आरोपियों ने लोहे के पाइप और डंडों से हमला कर तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी चंद्र कुमार मूल निवासी राजस्थान अपने परिवार के साथ फैक्ट्री परिसर में ही रहते हैं। बुधवार दोपहर करीब 1:00 बजे फैक्ट्री के ही मजदूर सौरभ, अंकित और विनीत ने चंद्र कुमार के छोटे भाई की पत्नी को जबरन रंग लगाने का प्रयास किया। महिला के बार-बार मना करने और विरोध करने के बावजूद आरोपी नहीं माने और बदसलूकी जारी रखी।

जब चंद्र कुमार ने अपने भाई की पत्नी को बचाने की कोशिश की, तो आरोपी सौरभ, अंकित, विनीत, राम और संदीप ने उन्हें घेर लिया। आरोपी सौरभ ने लोहे के पाइप से चंद्र कुमार के सिर पर वार कर दिया। बीच-बचाव करने आए अन्य मजदूर मुख्तार और ध्रुव को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। अंकित और विनीत ने मुख्तार को पाइप से पीटा, जबकि राम और संदीप ने लकड़ी के डंडों से ध्रुव की बेरहमी से पिटाई कर दी।हमले के बाद जब शोर सुनकर अन्य लोग जमा होने लगे, तो पांचों आरोपी पीड़ितों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। बेटमा पुलिस ने चंद्र कुमार की शिकायत पर पांचों नामजद आरोपियों सौरभ, अंकित, राम, संदीप और विनीत के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।



# कार की टक्कर से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले सड़क हादसे का शिकार हुई एक महिला ने बुधवार रात एमवाय अस्पताल में दम तोड़ दिया। महिला को सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी थी। पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार को जब्त कर लिया है और ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, मृतका का नाम मीना पति धनपाल श्रीवास्तव (52), निवासी साईंनाथ कॉलोनी राऊ है। घटना तीन दिन पहले की है, जब मीना संजय नगर क्षेत्र में सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान एक अनियंत्रित कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मीना के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई थीं। हादसे के तुरंत बाद राहगिरों और परिजनों की मदद से उन्हें पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन हालत में सुधार न होने और स्थिति नाजुक होने के कारण उन्हें इंदौर के एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहाँ सघन उपचार के बावजूद बुधवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली।

## कलयुगी काका की करतूत...

# नाबालिग भतीजी से की छेड़छाड़

**इंदौर।** देपालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक कलयुगी काका ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग भतीजी को हवस का शिकार बनाने की कोशिश की। घर में अकेला पाकर आरोपी ने पानी मांगने के बहाने प्रवेश किया और किशोरी के साथ अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना के समय 15 वर्षीय पीड़िता घर पर अकेली थी। तभी उसका काका वहां पहुंचा और पीने के लिए पानी माँगा। जैसे ही किशोरी पानी लेने के लिए अंदर गई, आरोपी ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। आरोपी ने पीड़िता को बुरी नीयत से दबोच लिया और उसे जमीन पर पटक दिया। जब नाबालिग ने अपनी अस्मत बचाने के लिए शोर मचाया और विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ झूमाझटकी की। इस संघर्ष के दौरान किशोरी के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी वहां से भाग निकला।

# जहर खाकर दी जान

**इंदौर।** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने जहर खाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। बताते है कि बालदा कालोनी निवासी गोलू पिता चंद्रशेखर (33) ने पारिवारिक कारणों के चलते जहर खा लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुँचे लेकिन उसकी मौत हो गई। मृतक फर्नीचर बनाने का काम करता था।फिलहाल पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है एवं मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# पुलिस ने निकाली बेवजह खड़ी गाड़ियों की हवा तीन सवारी दिखे कि पुलिस उन पर भी लपकी






**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल धुलेंडी पर पुलिस की सख्ती इंदौर में चौतरफा नजर आई, खासतौर से मुख्य जगहों पर जहां आवागमन ज्यादा होता है वहां ज़्यादा ही सख्ती पुलिस की थी। हृदय स्थल राजवाड़ा पर पुलिस ने वाहन चालकों के लिए घेराबंदी कर रखी थी। राजवाड़ा क्षेत्र में लोग बेवजह भी पहुंच जाते हैं। वहां वाहन पार्किंग कर होली भी खेली, सेल्फी भी ली। इधर बेवजह खड़े वाहनों की हवा भी पुलिस ने यहां निकाली। वहीं तीन सवारी पुलिस को जहां दिखी पुलिस लपकी और पकड़कर सबसे पहले उनकी गाड़ी की चाबी निकाली और फिर पुलिस ने इन तीन सवारी वाले वाहनों को हवा भी निकाली, कुछ हवा तो पुलिस ने वाहन चलाने वाले चालक से ही निकलवाई।

## नशेड़ियों पर चला पुलिस का डंडा

शहर में जगह-जगह बैरिकेडिंग कर वाहनों की चेकिंग की गई। पुलिस की टीमें उन वाहन चालकों पर विशेष नजर रख रही थीं जो नशे की हालत में गाड़ी चला रहे थे।तीन सवारी बैठाकर फर्राटा भरने वाले चालकों की न केवल चालानी कार्रवाई की गई, बल्कि कई जगह पुलिस ने उनकी गाड़ियों की हवा भी निकाल दी। मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक प्रहरी और पुलिस के आला अधिकारी मैदान में डटे रहे। लोगों तक शांति और भाईचारे का संदेश पहुँचाने के लिए पुलिस ने अनोखा तरीका अपनाया। पुलिस की आवाज़ हर नागरिक तक स्पष्ट पहुँचे, इसके लिए डीजे की गाड़ियों की मदद ली गई। अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को सुरक्षित होली खेलने, हुड़दंग न करने और संदिग्धों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।



## भीड़ हटाने के लिए किया अनाउंसमेंट

पश्चिमी और मध्य क्षेत्र के लोग कल धुलेंडी पर होली खेलते रहे और अलग-अलग समय पर लोग राजवाड़ा पर पहुंचते रहे, जिससे भीड़ भी बढ़ती रही थी। एक डीजे बैंड की गाड़ी से पुलिस भीड़ कम करने के लिए अलाउंस भी करती रही, वाहन हटाने के लिए बोलती भी रही।



## मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में लगा रहा पुलिस बल

**मुस्लिम और बोहरा समाज का रमजान पर्व चल रहा है और कल धुलेंडी पर पुलिस ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष पुलिस बल और संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस फोर्स भी लगाया। सभी क्षेत्रों में पूरी तरह शांति बनी रही और लोगों ने अपने-अपने पर्व मनाए।**

# होली पर पुलिस का सख्त पहरा

### राजवाड़ा समेत पूरे शहर में सघन चेकिंग, हुड़दंगियों पर कसी नकेल




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** रंगों के त्योहार होली पर इंदौर की सड़कों पर पुलिस का सख्त पहरा दिखाई दिया। शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने और हुड़दंगियों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई। राजवाड़ा जैसे प्रमुख क्षेत्रों से लेकर गली-मोहल्लों तक भारी पुलिस बल तैनात रहा, जहाँ नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही सख्त कार्रवाई की गई।

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने खुद शहर के प्रमुख संवेदनशील स्थानों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विशेष रूप से राजवाड़ा और उसके आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए ड्रोन कैमरों का सहारा लिया गया, जिससे भीड़ और संदिग्ध गतिविधियों पर पल-पल की नजर रखी गई।

# खजराना पुलिस का 'मेगा क्लीनअप' अभियान

### बस भरकर थाने लाए गए 50 से अधिक बदमाश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

होली के त्यौहार पर हुड़दंग मचाने और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ खजराना पुलिस ने बड़ी स्ट्राइक की है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से 50 से अधिक संदिग्धों और बदमाशों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों की संख्या इतनी अधिक थी कि उन्हें पुलिस वाहन के बजाय एक पूरी बस भरकर थाने लाना पड़ा।




शहर में होली के दौरान आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के आला अधिकारियों के निर्देशों के बाद खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने अपनी टीम के साथ विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने क्षेत्र के उन संवेदनशील ठिकानों पर दबिश दी जहां असामाजिक तत्वों के जमावड़े की सूचना थी। पुलिस अभिरक्षा में लिए गए इन सभी 50 से अधिक लोगों को बस के माध्यम से खजराना थाने लाया गया। यहाँ पुलिस की टीमें एक-एक कर सभी का आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की गई।जिन लोगों का पुराना आपराधिक इतिहास पाया जा रहा है या जो संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त मिले हैं, उनके खिलाफ अग्रिम वैधानिक और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। खजराना पुलिस की इस अचानक और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र के सूचीबद्ध बदमाशों में हड़कंप मच गया।

# जेल परिसर में महिला पुरुष बंदियों ने दी प्रस्तुतियां

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** केंद्रीय जेल इंदौर पर सामूहिक रूप से अधिकारियों, स्टाफ और बंदियों के साथ होली का आयोजन किया गया। बंदियों ने महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर का स्वागत किया और महिला-पुरुष बंदियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। अधिकारी वरुण कपूर, जेल अधीक्षक डॉ. अलका सोनकर एवं उप अधीक्षक संतोष कुमार लड़िया एवं उप अधीक्षक राकेश मोहन उपाध्याय ने भी गीतों की प्रस्तुति दी। आयोजन में मुख्य भूमिका जेल अधीक्षक अलका सोनकर की रही जिससे बंदी खुश हुए और समापन पर सभी बंदियों ने ढोल के थाप पर नृत्य किया।



# हृदय स्थल राजवाड़ा पर खेलते रहे लोग होली






## उड़ाते रहे गुलाल रंग-बिरंगे चेहरों में सेल्फी भी ली

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा का आज भी त्योहारों पर महत्व है। क्रिकेट में भारत की जीत हो तो उसका जश्न भी राजवाड़ा पर मनता है, ऐसे में बड़े पर्व होली पर कल बड़ी संख्या में होली खेल रहे लोग अपने-अपने ग्रुप में पहुंचे। वहां रंगों को उड़ाकर चित्र भी खिचवाए और ऐतिहासिक राजवाड़ा के साथ चित्र भी खेंचे, सेल्फी भी ली और होली का पर्व उल्लास के साथ मनाया। पश्चिमी क्षेत्र और मध्य क्षेत्र के लोग जिनमें महिलाएं भी शामिल थी वे बड़ी संख्या में राजवाड़ा पहुंचते रहे, कोई जल्दी पहुंचा तो कोई दोपहर में तो कोई होली समाप्त करने के पहले राजवाड़ा पहुंचा। अब राजवाड़ा पर सभी को रंगपंचमी का इंतजार है, जहां आने वाले रविवार को पैर रखने की जगह बमुश्किल से मिलेगी।



## माहेश्वरी समाजजनों ने सुने द्वारका मंत्री के फाग गीत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री, प्रचार मंत्री अजय सारडा, उपाध्यक्ष पवन भलिका ने बताया कि समाज का होली मिलन और फाग उत्सव का आयोजन कल बायपास पर किया गया। बड़ी संख्या में समाजजन पारिवारिक रूप से इस आयोजन में पहुंचे। फाग गीत गायक द्वारका मंत्री ने एक के बाद एक फाग गीतों की प्रस्तुति दी, तो समाजजनों को इन फाग गीतों पर नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। मिलन और फाग के अलावा मंचिय कार्यक्रम भी किया गया और सामूहिक भोज भी हुआ।

## बच्चों ने टारगेट कर मारे पानी से भरे बलून

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिमी क्षेत्र के मल्हारगंज क्षेत्र में बच्चों के हुजूम ने फुग्गे पानी से भरकर रख लिए थे और जैसे ही वाहन निकल रहे थे उसे टारगेट कर निशाना बनाकर यह बलून मारे जा रहे थे। कई बार वाहन चालक बचने के लिए अपने वाहन का संतुलन भी तेड़ाबांका कर निकले। सड़कें गीली थी वाहन गिरने की उम्मीद भी बनी रही, यह तो गनीमत है कि कोई दुर्घटना नहीं घटी।




## रहवासियों ने निकाली होली की गेर





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिर्तिधि )।** पश्चिमी क्षेत्र के पंचकुइया के समीप विंध्यांचल नगर के रहवासी, जिसमें महिलाएं भी शामिल हुई, उन्होंने विंध्यांचल नगर की गलियों में फाग यात्रा के अन्तर्गत होली की गेर निकाली। होली मिलन का आयोजन किया गया।

## गली के घरों में डाला रंग



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सुधीर सेठिया, बालचंद चैतन्य, ब्रजेश भारती, श्रीमती द्विवेदी ने बताया कि स्कीम नं. 71 की गलियों में होली की गेर निकाली गई। हर घर से रहवासियों को बाहर निकालकर रंग लगाया गया और गेर में शामिल किया गया। बाद में गीत-संगीत और पेटपूजन का आयोजन भी किया गया। नाच-गाना के साथ गुलाल भी उड़ी।

## अग्र बंधुओं ने खेली बरसाना की लट्ठमार होली



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर ने शिवधाम मंदिर परदेशीपुरा में फाग महोत्सव के अन्तर्गत फूलों की होली, डपली पर राधा-कृष्ण डांस के अलावा बरसाना की होली का आयोजन किया। गणेश गोयल ने बताया कि बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन मौजूद रहे। विजय मित्तल, अश्विन गोयल, सत्यप्रकाश अग्रवाल काका, रितेश गोयल, राकेश अग्रवाल, अजय मित्तल, सोनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शरद अग्रवाल, अरुण गोयल, विशाल अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल मौजूद थे।



## जैन समाजजनों ने दिया संत को श्रीफल भेंटकर निमंत्रण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद से जुड़े पदाधिकारी और समाजजन आज सुबह देपालपुर क्षेत्र के गोकुलपुर पहुंचे और वहां विराजमान जैन संत आदित्य सागर म.सा. को 30 मार्च महावीर जयंती के निमंत्रण के लिए श्रीफल भी भेंट किया गया। विनय बाकलीवाल, डीके जैन, महावीर जैन, जैनेश झांझरी, देवेन्द्र सोगानी, महावीर बेनाड़ा, ऋषभ पाटनी, अक्षय काला, राजकुमार जैन, राजेश काला सहित अन्य मौजूद थे।

## माहेश्वरी सोशल ग्रुप करेगा आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

माहेश्वरी सोशल ग्रुप अपने सत्र की प्रथम सभा का आयोजन 7 मार्च शनिवार की शाम 5 बजे से मुकुट मांगलिक भवन गुमाश्ता नगर में करेंगे। दिनेश शीला चितलांग्या, प्रकाश बृजबाला सोमानी, गोविंद नवीना बियाणी, मनोहर रेखा भूतड़ा, राधेश्याम सुनीत काबरा, नितेश ज्योति झंवर ने बताया कि शाम 5 बजे से आयोजन शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा। भोजन के बाद आयोजन का समापन होगा, इस बीच आनन्दोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।



# भैयाजी हास्य एवं योगा ग्रुप का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भैयाजी हास्य एंव योगा ग्रुप राजमोहल्ला ने नार्थ राजमोहल्ला झोन के पीछे गार्डन में होली उत्सव पर हास्य के आयोजन के साथ योगा का आयोजन भी किया। होली के गीतों पर सामूहिक नृत्य भी किया गया। एक-दूसरे को गुलाल भी लगाई गई। ग्रुप के घनश्याम मित्तल के अवतरण दिवस पर उनका स्वागत भी किया गया और सभी ने नाश्ता का लुत्फ भी लिया।

# स्वर्णकार समाज की महिलाओं का फाग उत्सव



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मेवाडा समाज की महिलाओं ने फाग उत्सव जगदीश मंदिर छत्रीबाग में मनाया। होली के फाग गीतों एवं कीर्तन पर मातृशक्तियों ने भगवान की आराधना में नृत्य किया। सूखे रंग और फूलों से होली खेली गई। पानी बचाने का संकल्प भी लिया गया। मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार और आरती की गई, प्रसाद का वितरण भी किया गया। हीरामणि सोनी ने बताया कि सुनीता कमल सोनी सिंगावदा को सर्वसम्मति से महिला मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया और उनका सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सुषमा-पंकज सोनी, शारदा-ब्रजेश सोनी, सपना-महेन्द्र सोनी, गीता-बद्रीलाल सोनी, रानी-सोनिया सोनी, राजकुमारी मंडोवरा, मौजूद थे। दोनों महिला मंडल अध्यक्ष द्वारा भी सहयोग किया गया।

## सुनीता सोनी को अध्यक्ष बनाकर किया सम्मानित

# महावीर भवन में संत प्रवचन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महावीर भवन इमली बाजार में होली चातुर्मास के अवसर पर युवाचार्य महेन्द्र ऋषि म.सा. ने धर्मसभा में बडी संख्या में मौजूद जैन समाजजनों को सार्थक प्रवचन दिए। इस अवसर पर संत अभिषेक मुनि, राजेश मुनि, विकसित मुनि, रमणीक कंवर दमू, पुनीत ज्योति, अरुण प्रभा म.सा. दिव्यज्योति म.सा. मुक्ता म.सा. सहित संतों ने भी धर्मवाणी का लाभ समाजजनों को दिया। प्रकाश भटेवरा, राजकुमार पंजाबी, रितेश कटकानी, पीयूष जैन, रखबचन्द कोटावाले, अशोक मंडलीक, राजेंद्र लोढ़ा, डिपिन जैन, रेनू जैन मौजूद थे।



# अग्रसेन सोशल ग्रुप का फाग महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रसेन सोशल ग्रुप का फाग महोत्सव रिसोर्ट में 200 से अधिक ग्रुप परिवार की मौजूदगी में किया गया। सभी ने फाग गीत और कीर्तन पर नृत्य किया। होली भी खेली गई। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, कमलेश मित्तल, राजू बंसल, विजय गर्ग,विनोद गोयल, प्राची गर्ग, राजकुमार बंसल ,सतीश गोयल मुकेश अग्रवाल मौजूद थे।

# मां विजयेश्वरी धाम पर होगा फाग महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था विजय सामाजिक सेवा समिति के निर्मल वर्मा घुंघरू ने बताया कि ओल्ड राजमोहल्ला स्थित श्री विजयेश्वरी धाम पर शनिवार 7 मार्च को फाग महोत्सव का आयोजन होगा। मां और मंदिर का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। शाम 7 बजे से देर रात तक फाग गीत और कीर्तन पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# वैश्य समाज की निकली गेर...



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल होली पर वैश्य समाज के घटक समाज दल के समाजजनों ने गमी वाले परिवारों में सामूहिक रूप से पहुंचकर रंग-गुलाल डालने का काम किया। इस परम्परागत गेर में वैश्य समाजजन मौजूद रहे। गेर की शुरुआत में साध्वी सम्यक दर्शना म.सा. एवं मुक्ति रसा म.सा. ने मांगलिक भी की और उसी के बाद गेर शुरू हुई। गेर में डॉ शरद जैन, विजय जैन, गजेंद्र खण्डेलवाल, अरविंद जैन, जयेश जैन, महेश जैन, अंकित गुप्ता, आयुष मकवाना, अश्विन मोदी, संजय डागा, नरेंद्र कोठारी, श्याम जैन, जितेंद्र कौल, संजय जैन,मयंक जैन, अंकित जैन एवं अन्य वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

# जैन समाजजनों ने लिया सिद्धवरकूट का धार्मिक लाभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जय सम्भवनाथ महासमिति परिवार ने इंदौर से सिद्धवरकूट की यात्रा 200 जैन समाजजनों को 4 बसों के माध्यम से करवाई। वार्षिकोत्सव मेले का लाभ भी लिया गया और सिद्धवरकूट में भी धार्मिक लाभ लिया। ,वीरेन्द्र बड़जात्या, पवन जैन (पूर्व पार्षद),सुनील गोधा, पंकज जैन, पवन पाटोदी, चेतन बोहरा, पुष्पेन्द्र वेद, अनुज पाटनी, मुकेश गोधा, आलोक जैन,राकेश गोधा, कमल अग्रवाल उपस्थित थे।



# आशीर्वाद विला में भी दिखी पर्व पर एकजुटता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आशीर्वाद विला सोसायटी निपानिया में होली पर्व पर एकजुटता दिखी, सभी ने रंग गुलाल एक-दूसरे को लगाई।



# मंगल मूर्ति नगर में हुआ रहवासियों का मिलन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मंगलमूर्ति नगर रहवासी संघ के श्रवण वर्मा ने बताया कि साथीगणों ने एक-दूसरे के निवास पर पहुंचकर होली मिलन का आयोजन किया। मातृशक्तियों ने भी अपनी भूमिका मिलन में निभाई।

# जर्नलिस्ट फोरम आज शाम करेगा सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मालवा जर्नलिस्ट फोरम द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज गुरुवार शाम 5 बजे साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में नारी शक्ति अवार्ड सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बडी संख्या में मीडियाकर्मी और नारी शक्तियां भी मौजूद रहेंगी। उक्त जानकारी लोकेंद्रसिंह थनवार, सरिता शर्मा, प्रवीण जोशी ने दी।

# हाई लिंक सिटी के रहवासी पहुंचे एक-दूसरे के घर रंग लगाने

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिमी क्षेत्र बांगड़दा क्षेत्र के हाईलिंक सिटी के रहवासियों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर होली



पर्व पर रंग लगाया। रंगीले लोगों का कारवां बढ़ता गया और रंग में रंगे लोग मौज मस्ती करते नजर आए।

# अनस रेडियो ने कराया नियाज अली सरकार पर रोजा इफ्तार





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नियाज अली सरकार तुकोगंज दरगाह पर रमजान माह में पूरे 30 दिनों तक रोजा इफ्तार व लंगर का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी के चलते 13वें रोजे पर अनस बबलू रेडियो ने इफ्तार का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में शहरकाजी डॉ. इशरत अली व नियाज अली दरगाह के सदर अशफाक हुसैन (गोलू), अजहर खान, जुबेर खान, इरफान खान (एलइडी), परवेज खान (भूरा), सगीर खान (आरडीएक्स) मौजूद थे।

# श्याम बाबा के साथ अग्रबंधु खेलेंगे होली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था अग्रमंच द्वारा 8 मार्च रंगपंचमी को रास उल्लास फाग यात्रा सुबह 9 बजे से अग्रवाल नगर बगीचा से निकाली जाएगी। बडी संख्या में अग्रवाल समाजजन और संस्था अग्रमंच के दम्पत्ति सदस्य परिवार सहित मौजूद रहेंगे। आशीष-दीपिका गोयल ने बताया कि फाग यात्रा पारिवारिक माहौल में निकाली जाएगी। बुजुर्ग, महिलाएं, युवा, बच्चे भी इस गेर में शामिल होंगे। सूखे रंगों से होली खेली जाएगी, गायक श्रीधर झरकर गीतों की प्रस्तुति देते हुए चलेंगे। अदाकार भी मुंबई से यात्रा में आएंगे।

# कई कालोनियों में हुए त्योहार पर आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तुलसी नगर, महालक्ष्मी नगर, साईं कृपा कॉलोनी, पुष्प विहार एक्सटेंशन, राधिका पैलेस, अपोलो डीबी सिटी, पावन धाम, अमृत पैलेस सहित निपानिया और पिपलियाकुमार क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में होली का पर्व मनाया गया। रहवासी एकत्रित होकर एक-दूसरे की कालोनियों में भी पहुंचते रहे। डीजे पर नृत्य भी होता रहा। श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रहवासियों के लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी।

# भोजपुरिया समाजजन रहेंगे मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भोजपुरिया समाज का फाग उत्सव वह होली मिलन समारोह रविवार 8 मार्च रंग पंचमी के दिन सुबह 11 बजे से बारोली स्थित गार्डन पर किया जाएगा। कार्यक्रम में भोजपुरिया गायक होली के गीतों की प्रस्तुतियां भी देंगे। भोजपुरिया समाजजन परिवार सहित मौजूद रहेंगे।



# महापरित्रण पाठ कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डॉ आंबेडकर वाचनालय नेहरू नगर में पूर्णिमा निमित्त बौद्ध भिक्खू संघ के सानिध्य में महापरित्रण पाठ का आयोजन किया। प्रारम्भ में धम्म ध्वजारोहण किया गया। भदंत संघ वंश महाथेरो चंद्रपूर, भिक्खू शील रक्षित चंद्रपूर एवं रमाबाई महिला मंडल तथा युवा समिति सदस्य के अलावा बौद्ध उपासक व उपाशिकाएं मौजूद थे। उक्त जानकारी सुरेश वानखेडे ने दी।

# मोहब्बत की महफ़िल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खजराना में रोज़ा इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया गया। यहां मोहब्बत की महफिल कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जीशान खान, शहबान खान ठेकेदार, इसरार खान ठेकेदार सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



# दो घरानों के कलाकारों की साझा प्रस्तुति



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अभिनव कला समाज में होली के अवसर पर शास्त्रीय व उपशास्त्रीय संगीत सभा 'अभिनव सुरों के संग, होली के रंग' आयोजन में ग्वालियर घराने के पं. सुनील मसूरकर एवं जयपुर-अतरौली, ग्वालियर घराने की डॉ. पूर्वी निमगांवकर दोनों कलाकारों ने बंदिशों की अच्छी प्रस्तुतियां दी। आलापी एवं मिश्र पीलू में ठुमरी सुंदरता से प्रस्तुत की। हितेन्द्र दीक्षित, रवि किल्लेदार ने संगत की। डॉ.पूर्वी निमगांवकर, डॉ. शिल्पा मसूरकर, राजेश्वरी दीक्षित,अनिल धड़वईवाले,प्रवीण खारीवाल, सुनील मसूरकर, डॉ. भरत शर्मा, सत्यकाम शास्त्री ने अपनी भूमिका निभाई।

## विजयशंकर मेहता के उद्‌बोधन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वन बंधु परिषद इंदौर चैप्टर की मेजबानी में समाजसेवी देहदानी श्याम सुंदर मूंदड़ा की पुण्य स्मृति में आयोजित 'उजास की ओर' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रवीन्द्र नाट्य गृह में जीवन प्रबंधक गुरु विजयशंकर मेहता के सार्थक उद्‌बोधन हुए। रासू जैन, अनुराग मूंदड़ा, संदीपन आर्य, अतिशय खासगीवाला ने भी विचार व्यक्त किए। सुषमा चौधरी, मनोज जैन, प्रवज्ञा, प्रत्युष, आयुष मूंदड़ा, गौरव ऐरन, मंगला उपाध्याय ने भी अपनी भूमिका निभाई।



# मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय मानवाधिकार परिषद के नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश त्रिवेदी के इन्दौर आगमन अवसर पर अभिनव कला समाज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दिलीप राजपाल, राहुल निहोरे, संजय अरोरा सहित अन्य मौजूद रहे।



# स्काउट आन्दोलन को बढ़ाने वालों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी ओलेव बेडन के जन्मदिवस पर जाल सभागृह में स्काउट आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने वाले वरिष्ठजनों का सम्मान का आयोजन किया गया। स्काउट दलों के लिए तैयार प्रशिक्षण सामग्री का लोकार्पण भी हुआ। रामदास गोयल, भगवान अग्रवाल, मोहनलाल गोयल, एस प्रसन्ना श्रीवास्तव, आशा सिंह, श्रवण दवंडे, डॉ. लोकेश जोशी, कुणाल मिश्र सहित अन्य मौजूद थे।



# खरीदारी में समझदारी पर लघु नाटिका

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा खरीदारी में समझदारी पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया गया। जिसका उद्देश्य भ्रामक विज्ञापन से बचें,पक्का बिल प्राप्त करें, लालच से बचें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सुदामा नगर के रहवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वहां पुस्तको का एक स्टॉल भी लगाया गया। इस दौरान पंचायत के पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद रहे।

# भारत रक्षा मंच ने की गौसेवा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारत रक्षा मंच द्वारा गोकुलम गौशाला यशवंत सागर पर गौसेवा के आयोजन के बाद पारिवारिक होली मिलन व फाग महोत्सव का आयोजन किया गया ।संस्था के पदाधिकारी और सदस्यों की मौजूदगी में फाग गीत और कीर्तन पर नृत्य भी किया। गौशाला परिवार की ओर से योगेश होलानी ने सभी का गुलाल लगाकर स्वागत किया।

# मार्निंग वाकर्स ग्रुप का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आनंदवन 2 स्कीम 140 में कल धुलेंडी पर होली खेलने का आयोजन मार्निंग वाकर्स ग्रुप ने किया। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई भी दी गई। केके अरोरा, प्रवीण भागवत, डॉ. सुभाषचन्द्र तिवारी, केशव गुप्ता, रमाकांत केलकर मौजूद थे।





# शर्मा और भार्गव का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मनी मेला के सफल आयोजन को लेकर कार्यक्रम के बाद अब इंदौर फिलेटेलिक एवं इंदौर न्यू मिस्मेटिक सोसाइटी की संयुक्त मासिक सभा में आयोजक गिरिश शर्मा और विराज भार्गव का सम्मान किया गया। नरेन्द्र अग्रवाल, प्रो. शिवम चतुर्वेदी, सुरेन्द्र मुलये, रविन्द्र व्यास, रविन्द्र नारायण पहलवान, मेजर महेश गुप्ता, मुकेश पाटीदार, राजेश शाह, चिराग त्रिवेदी मौजूद थे।

## संपादकीय

### 14,230 डॉग बाइट केस, पर मुआवजे के लिए सिर्फ 9 आवेदन; पंचकूला में जागरूकता की कमी उजागर

सरकारी कल्याण योजनाओं के बारे में कई बार लोगों के भीतर जानकारी की कमी पाई जाती है और क्षति की स्थिति में नियमों के मुताबिक सही पात्र होने के बावजूद ज्यादातर लोग राहत या मुआवजा हासिल करने के लिए दावा नहीं करते। अक्सर ऐसा देखा जाता है कि कुछ सरकारी कल्याण कार्यक्रम आम लोगों के लिए बेहद उपयोगी होते हैं, मुश्किल और विपरीत स्थितियों में उनसे काफी राहत मिल सकती है, लेकिन जानकारी या जागरूकता के अभाव में लोग उसका लाभ नहीं उठा पाते। हरियाणा के पंचकूला में पिछले वर्ष आवारा कुत्तों के काटने के 14,230 मामले दर्ज किए गए। जाहिर है, इसके बाद पीड़ितों ने अपना इलाज कराया होगा और उससे जुड़ी मुश्किलों का सामना किया होगा। विडंबना यह है कि इस संबंध में सरकार की ओर से मुआवजा देने का जो प्रावधान किया गया है, उसकी जानकारी बहुत कम लोगों के पास है। इसके मुताबिक कुत्ते के एक दांत के निशान पर दस हजार रुपए और 0.2 सेमी से अधिक गहरे घाव पर बीस हजार रुपए मुआवजा देने की व्यवस्था है। मगर इस नीति के तहत पंचकूला में जिला स्तरीय समिति की पहली बैठक में सिर्फ नौ आवेदक पहुंचे। यह जनता के हित में लागू सरकारी कल्याण कार्यक्रमों या योजनाओं की लोगों तक पहुंच की हकीकत है, जिसमें जागरूकता के अभाव में पीड़ित अपने हक से भी वंचित रह जाते हैं। विडंबना यह है कि सरकारी कल्याण योजनाओं के बारे में कई बार लोगों के भीतर जानकारी की कमी पाई जाती है और क्षति की स्थिति में नियमों के मुताबिक सही पात्र होने के बावजूद ज्यादातर लोग राहत या मुआवजा हासिल करने के लिए दावा नहीं करते। नतीजतन, एक ओर पीड़ित व्यक्ति अपने नुकसान की भरपाई कई स्तर पर खुद ही करता है, तो दूसरी ओर इस मद में सरकार के कोष में जो राशि होती है, वह बिना उपयोग के पड़ी रहती है या उसका किसी अन्य काम में उपयोग हो जाता है। सरकार जनता के कल्याण के लिए समय-समय पर योजनाएं या कल्याण कार्यक्रम बनाती या उन्हें अद्यतन करती रहती है। मगर क्या उन योजनाओं के बारे में जनता के बीच उचित स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है, ताकि आम लोगों को अपने हक के बारे में जानकारी मिले और वे जरूरत या समय पड़ने पर उसका लाभ उठा सकें? अगर जनहित के उद्देश्य से कोई योजना लागू की जाती है, जिसके बारे में जागरूकता की कमी की वजह से सही पात्र लोगों के पास जानकारी ही नहीं पहुंच सके, तो उसका क्या लाभ?

## 1 लाख 20 हजार का गांजा जब्त, महिला तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नशा मुक्त शहर अभियान के तहत द्वारकापुरी पुलिस ने एक महिला मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी महिला के कब्जे से सवा दो किलो के करीब गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों में आंकी जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि अहीरखेड़ी मल्टी क्षेत्र में एक



महिला नशीले पदार्थ की सप्लाई करने की फिराक में है। जोन-4 के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की और संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया। महिला की तलाशी लेने पर उसके पास से 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त किए गए इस मादक पदार्थ की कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर ही विधिवत जब्ती पंचनामा तैयार कर गांजे को अपने कब्जे में ले लिया। पूछताछ में महिला की पहचान संगीता सगर, निवासी दिग्विजय नगर मल्टी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## ब्रिज के नीचे चाकू लहराते बदमाश को दबोचा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। त्योहारों और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शहर में जारी सघन चेकिंग अभियान के दौरान जूनी इंदौर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने ब्रिज के नीचे रेलवे पटरी के पास दहशत फैला रहे एक संदिग्ध बदमाश को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।**

जूनी इंदौर पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी, तभी जूनी इंदौर ब्रिज के नीचे रेलवे पटरी के पास एक युवक हाथ में चाकू लहराते हुए दिखाई दिया। संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए पुलिस ने घेराबंदी





कर उसे पकड़ा। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम सचिन डागर पिता विनोद डागर उर्फ मनोज, निवासी बी.के. हरिजन कॉलोनी, जूनी इंदौर बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान सचिन के कब्जे से एक तेज धारदार खटकेदार चाकू जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

## सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में महिला से छेड़खानी

इंदौर। सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अपनी बीमार माँ की देखभाल कर रही एक महिला के साथ अस्पताल के ही वार्ड में चाय देने आए युवक ने अश्लील हरकतें की। संयोगितागंज पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, 34 वर्षीय पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी माँ सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के आईसीयू में गंभीर हालत में भर्ती हैं। माँ की देखभाल के लिए वह उनके साथ ही रहती हैं। बीती रात जब आरोपी छोटू चाय वाला वार्ड में मरीजों और परिजनों को चाय देने पहुँचा, तो उसने पीड़िता को देखकर अश्लील इशारे करना शुरू कर दिया। आरोप है कि चाय देने के बहाने आरोपी ने महिला को परेशान किया और उसका नाम, पता व मोबाइल नंबर पूछने लगा। जब महिला ने जानकारी देने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपी बदतमीजी पर उतर आया और विवाद करने लगा। वार्ड में हो रहे शोर और विवाद की आवाज़ सुनकर वहाँ तैनात सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुँची। गार्ड ने आरोपी को फटकार लगाई और उसे वार्ड से बाहर भगाया। इसके बाद डरी-सहमी पीड़िता ने थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई।

## दो भाइयों ने मिलकर युवक व दोस्तों को पीटा

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना इलाके में कार रेंट की बात को लेकर जमकर विवाद और मारपीट हुई। दो भाइयों ने मिलकर एक युवक और उसके चार दोस्तों के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि उन पर पत्थर से हमला भी कर दिया। भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, फरियादी प्रियांशु पिता अंतरसिंह तंवर, निवासी नंद विहार कॉलोनी राऊ, अपने दोस्त प्रथम पाटीदार, प्रदीप तंवर, अक्षत पाटीदार और अक्षत सोलंकी के साथ भोलाराम उस्ताद मार्ग पर थे। इसी दौरान आरोपी दिनेश राठौर अपने भाई रवि राठौर के साथ वहां पहुंचा। कार रेंट पर लेने की किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दिनेश और उसके भाई ने प्रियांशु को गालियां देना शुरू कर दिया। जब प्रियांशु ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।बीच-बचाव करने आए प्रियांशु के दोस्तों के साथ भी आरोपियों ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इसी दौरान एक आरोपी ने पत्थर उठाकर प्रियांशु के दोस्त प्रदीप तंवर के सिर पर दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया और उसे गंभीर चोट आई है।

### पहनावे को लेकर विवाद

## पति ने पत्नी को घर से निकालकर सरेराह पीटा

### बीच-बचाव करने आए बेटे को भी धमकाया

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में घरेलू हिंसा का एक शर्मनाक मामला सामने आया है। यहाँ एक पति ने अपनी पत्नी के कपड़ों के पहनावे पर आपत्ति जताते हुए न केवल उसके साथ गाली-गलौज की, बल्कि उसे घर से बाहर निकालकर बुरी तरह पीट दिया। बीच-बचाव करने आए अपने ही बेटे को भी आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना व्यंकटेश विहार क्षेत्र की है। फरियादी रंजना नामदेव ने थाने पहुँचकर अपने पति कमलेश नामदेव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रंजना ने बताया कि विवाद तब शुरू हुआ जब कमलेश ने उसके कपड़ों पर टिप्पणी की और कहा कि 'तुम ऐसे कपड़े नहीं पहनोगी।' जब रंजना ने जवाब दिया कि वह रोज़ाना इसी तरह के कपड़े पहनती है, तो कमलेश अपना आपा खो बैठा। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर कमलेश ने अपनी पत्नी को धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया और सार्वजनिक रूप से गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने रंजना के साथ हाथ-थप्पड़ों और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उनका बेटा वंश माँ को बचाने पहुँचा, तो आरोपी ने उसे भी नहीं बख्शा। मारपीट के दौरान आरोपी ने अपनी पत्नी को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। उसने चिल्लाते हुए कहा, 'आइंदा अगर मेरी बात नहीं मानी, तो मैं तुझे जान से खत्म कर दूंगा।'

## बहन को गाली देने से रोका तो भाई को दांतों से काटा

**इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित अमर पैलेस कॉलोनी में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति ने न केवल पड़ोस में रहने वाली महिला के साथ अभद्रता की, बल्कि जब उसके भाई ने बीच-बचाव किया, तो आरोपी ने उसे दांतों से काट लिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक, घटना अमर पैलेस कॉलोनी की है। फरियादी सचिन पिता राजाराम ने थाने पहुँचकर अपनी आपबीती सुनाई। फरियादी ने पुलिस बताया कि शाम करीब 5:40 बजे उनके पड़ोस में रहने वाला आरोपी राजेंद्र सिटोले शराब के नशे में धुत होकर घर के बाहर आया और सचिन की बहन को अश्लील गालियां देने लगा। जब सचिन अपनी बहन को बचाने और आरोपी को समझाने के लिए बाहर निकला, तो आरोपी राजेंद्र और अधिक भड़क गया। उसने सचिन के साथ गाली-गलौज करते हुए झूमाझटकी शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी ने सचिन की दाढ़ी के नीचे गर्दन के हिस्से पर दांतों से जोर से काट लिया, जिससे सचिन को चोट आई और खून निकलने लगा। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से भागने लगा, लेकिन जाते-जाते उसने सचिन को धमकी दी। आरोपी ने चिल्लाते हुए कहा कि 'अगर फिर कभी मुझे समझाने आया, तो तुझे जान से खत्म कर दूँगा।' राजेंद्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## 2 लाख की ब्राउन शुगर के साथ भांजा गिरफ्तार

**इंदौर।** नशे के विरुद्ध जारी अभियान में हीरा नगर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक शातिर तस्कर को पकड़ा है, जिसके पास से लाखों रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर बरामद हुई है। हीरा नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कनकेश्वरी मैदान स्थित साईं पैलेस गार्डन के पास एक युवक मादक पदार्थ की तस्करी के इरादे से खड़ा है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान विनय उर्फ भांजा पिता श्याम बामनिया, निवासी संविद नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने जब विनय की तलाशी ली, तो उसके पास से 14.35 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस नशीले पदार्थ की अनुमानित कीमत 2 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी विनय उर्फ भांजा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह नशा कहाँ से लाया था और शहर में उसके संपर्क किन-किन नशा माफियाओं से हैं।

### सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 165000 | 162200 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 272500 | 269600 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# मंदिरों को निशाना बना रहे चोर

**सिमरोल और बड़गोंदा क्षेत्र के तीन मंदिरों में चोरी**

**इंदौर।** ग्रामीण इलाकों में मंदिरों को निशाना बनाने वाले गिरोह की सक्रियता बढ़ गई है। सिमरोल और बड़गोंदा थाना क्षेत्रों में अज्ञात बदमाशों ने तीन अलग-अलग मंदिरों से कीमती पीतल के घंटे, तांबे के बर्तन और माता जी का मंगलसूत्र चोरी कर लिया है। पुलिस ने इन मामलों में केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

सिमरोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मेमंदी और दतोदा में चोरों ने दो मंदिरों को निशाना बनाया। ग्राम मेमंदी में यहाँ के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर से रात करीब 2 बजे चोरों ने 15 किलो वजन का पीतल का घंटा और 2 किलो का तांबे का लोटा चोरी कर लिया।इसी तरह ग्राम दतोदा में बदमाशों ने गणेश मंदिर को निशाना बनाते हुए रात 12:30 से सुबह 5:00 बजे के बीच मंदिर का 15 किलो का पीतल का घंटा और 10 किलो की पीतल की घंटी पार कर दी।

## दुर्गा माता मंदिर का ताला तोड़कर मंगलसूत्र चोरी

*बड़गोंदा थाना क्षेत्र के ग्राम केलोद में भी चोरी की एक बड़ी वारदात हुई है। यहाँ के केलोद दुर्गा माता मंदिर का अज्ञात बदमाशों ने रात के अंधेरे में ताला तोड़ा। बदमाश माता जी की प्रतिमा के गले से मोती और पेंडल वाला मंगलसूत्र चुराकर फरार हो गए। सुबह जब पुजारी और ग्रामीण मंदिर पहुँचे, तो ताला टूटा देख चोरी का पता चला।उधर ग्रामीण इलाकों के तीन मंदिरों को निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी के प्रकरण दर्ज किए हैं। क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।*

# पेट्रोल कम डालने की शिकायत की तो कर्मचारी ने फायर सिलेंडर से किया हमला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

देपालपुर थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर ग्राहक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। गाड़ी में पेट्रोल क्रम डालने की शिकायत करने पर पंप कर्मचारी ने आपा खो दिया और सुरक्षा के लिए रखे अग्निशमन यंत्र से युवक के सिर पर वार कर दिया। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी अंकित पिता हुकुमसिंह सोलंकी, निवासी ग्राम सिकंद्री, देपालपुर रोड स्थित चिंटू वर्मा के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने गया था। अंकित ने 90 रुपए दिए और पंप कर्मचारी आरोपी संदीप को पेट्रोल डालने के लिए कहा। संदीप ने नोजल गाड़ी की टंकी में डाला, लेकिन जब फरियादीअंकित ने गाड़ी हिलाकर चेक किया, तो उसे पेट्रोल नहीं होने का आभास हुआ। जब फरियादी ने संदीप से कहा कि 'तुमने पेट्रोल नहीं डाला है,' तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि संदीप ने पास ही रखा फायर सिलेंडर (अग्निशमन यंत्र) उठाया और अंकित के सिर पर दे मारा। हमले में अंकित का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। वारदात के बाद आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।देपालपुर पुलिस ने फरियादी अंकित की शिकायत पर आरोपी संदीप के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# खजराना गणेश मंदिर का द्वार अंधेरे में डूबा, सड़कों पर भी स्ट्रीट लाइट बंद

## नगर निगम के विद्युत विभाग में छाया अंधेरा, नहीं दिखाई दे रही जिम्मेदार अधिकारियों को लापरवाही

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर के आस्था का केन्द्र खजराना गणेश मंदिर के मुख्य द्वार पर अंधेरा पसरा हुआ है। पिछले एक माह से इस द्वार की लाइट बंद पड़ी हुई है लेकिन इसकी खबर ना तो मंदिर प्रबंध समिति और ना ही नगर निगम के अधिकारियों को है। खजराना चौराहे पर खजराना मंदिर गणेश द्वार प्रतीक चिन्ह और मंदिर का प्रतिनिधित्व करता है। यहां की लाइट बंद होना नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की घोर लापरवाही है। साल 2018 में मंदिर के पूर्व प्रशासक आशीष सिंह द्वारा इस द्वार का निर्माण करवाया गया था। लगभग 3.50 करोड़ की लागत से बने द्वार को बनाने का उद्देश्य खजराना मंदिर मार्ग की पहचान कायम करना था। खास बात यह है कि मंदिर के इस गेट के निर्माण का खर्च मंदिर प्रबंध समिति द्वारा उठाया गया। प्रस्ताव बनाने के दौरान स्मार्ट सिटी खर्च वहन करने के लिए सहमत थी लेकिन बाद में यह खर्च मंदिर प्रबंध समिति से लिया गया इसके बावजूद मंदिर प्रबंध समिति खजराना गेट के मेंटेनेंस और रखरखाव पर ध्यान नहीं दे रही है। मामले में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि उक्त क्षेत्रों में जहाँ स्ट्रीट लाइट बंद है वहां चालू करवाई जाएगी। आम नागरिकों को परेशानी नहीं हो ध्यान रखा जायेगा।

### अंधेरे में श्वान का अटैक

स्कीम नंबर 78 में रहने वाले मितेश अग्रवाल का कहना है कि स्ट्रीट लाइट बंद होने से पिछले दिनों उनके बच्चे डॉग बाइट का शिकार हो गए। रात के समय ट्यूशन से आते वक्त अंधेरे में श्वान ने अटैक किया। वहीं अब रोड से गुजरते हुए राहगीर दिनेश राजपूत ने बताया कि सर्विस रोड की स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण अचानक बाइक गड्ढे में चली गई जिसके कारण बड़ी दुर्घटना होते होते बची। रात के समय पूरी सर्विस रोड पर अंधेरा रहता है।



## कार सिंग्नल में जा घुसी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कलेक्टर तिराहा पर लगे सिंग्नल पर एक बेकाबू कार एमपी-09 सीवी 1085 जा घुसी, जिससे सिंग्नल गिर पड़ा और कार भी डेमेज हुई और इस कार पर म.प्र. शासन लिखा हुआ है।

# पुराने विवाद में कार में तोड़फोड़ और मारपीट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। एक युवक ने पुराने झगड़े की बात को लेकर फरियादी के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि पत्थर मारकर उसकी कार के कांच भी फोड़ दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना आईडीए मल्टी तेजपुर गड़बड़ी क्षेत्र की है। फरियादी अमित गायकवाड़ पिता राकेश गायकवाड़ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुमित ने उन्हें रास्ते में रोका और पुराने किसी विवाद को लेकर अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। फरियादी ने जब गालियां देने का विरोध किया, तो आरोपी सुमित उत्तेजित हो गया और अमित के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद यहीं नहीं थमा,आरोपी ने पास पड़ा पत्थर उठाया और अमित की कार पर दे मारा, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। मारपीट और तोड़फोड़ करने के बाद आरोपी ने जाते-जाते अमित को जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया।

**पाइप विवाद पर फायरिंग**

# आरोपी ने जातिसूचक गालियां देकर बंदूक से की दहशतगर्दी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम हिंगोनिया में मामूली पाइप को लेकर शुरू हुआ विवाद हमले और फायरिंग तक पहुँच गया। एक ग्रामीण ने विवाद के बाद घर से दोनाली बंदूक लाकर हवाई फायर कर दिया और जातिसूचक गालियां देकर क्षेत्र में दहशत फैला दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना ग्राम हिंगोनिया की है। फरियादी शांतिलाल बामनिया अपने घर के सामने बैठे थे, तभी गाँव का ही बलराम बैरागी वहाँ पहुँचा। शांतिलाल ने जब बलराम से अपना पाइप वापस माँगा, तो वह भड़क गया। आरोप है कि बलराम ने शांतिलाल को अपशब्द कहे और जातिसूचक टिप्पणी करते हुए अपमानित किया। विवाद के कुछ देर बाद आरोपी बलराम अपने घर से दोनाली बंदूक लेकर वापस लौटा। बंदूक देखकर शांतिलाल जान बचाने के लिए वहाँ से भागने लगे। इसी दौरान आरोपी ने पीछे से हवाई फायर कर दिया। गोली चलने की आवाज़ से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। खुशकिस्मती रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। कनाड़िया थाना पुलिस ने शांतिलाल की शिकायत पर आरोपी बलराम बैरागी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, वारदात में इस्तेमाल बंदूक के लाइसेंस की भी जाँच की जाएगी और नियमानुसार उसे निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# शतक के बाद फिन एलन की टॉप-5 में धमाकेदार एंट्री, सूर्यकुमार यादव बाहर

**कोलकाता ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 का रोमांच अपने चरम पर है। टूर्नामेंट को खत्म होने में 2 ही मैच बाकी रह गए हैं, मगर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की रेस में उतार-चढ़ाव अभी भी जारी है। न्यूजीलैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले सेमीफाइनल में मात्र 33 गेंदों पर शतक जड़ ना सिर्फ अपनी टीम को खिताबी मुकाबले में जगह दिलाई, बल्कि वह खुद टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों में पहुंचने में कामयाब रहे। उनके



साथी बल्लेबाज टिम साइफर्ट भी यहां मौजूद हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों का इस धाकड़ परफॉर्मेंस का नुकसान सूर्यकुमार यादव को उठाना पड़ा है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। सूर्या ने अभी तक खेले 7 मुकाबलों में 38.50 की औसत और 135.88 के स्ट्राइक रेट के साथ 231 रन बनाए थे। फिन एलन और टिम साइफर्ट की धुआंधार परफॉर्मेंस के बाद सूर्या टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की रेस में 7वें पायदान पर खिसक गए हैं।

फिन एलन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 170 रनों के टारगेट का पीछा

# रावला में आतिशबाजी के साथ महोत्सव का समापन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बड़ा रावला परिसर में स्थापना दिवस को लेकर महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर दिवाली जैसा जश्न आतिशबाजी के साथ जूनी इंदौर स्थित रावला में मनाया गया। पूर्व शासकों के चित्र पर पूजन भी किया गया। इंदौर की समृद्धि के लिए कामना भी की गई। वरदराज मंडलोई, श्रीकांत मंडलोई, माधवी मंडलोई, श्रेया मंडलोई और जमींदार परिवार के अन्य लोग भी मौजूद रहे। मंडलोई परिवार के पूर्व में किए गए योगदान का भी उल्लेख किया गया।

**ड्रायविंग लायसेंस में सरनेम दर्ज करवाने की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मैं नितिन यादव पिता रमेश यादव** मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा सरनेम दर्ज नहीं हैं, मैं अपने लाइसेंस में मेरा सरनेम यादव दर्ज करवाना चाहता हूं। अतः भविष्य में मुझे **नितिन यादव पिता रमेश यादव** के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**नितिन यादव पिता रमेश यादव**

### फाइनल में पहुंचने के लिए इंग्लैंड को हराना होगा

# वानखेड़े की पिच पर बल्लेबाज के साथ गेंदबाज को भी मौका

**मुंबई।** इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टी20 वर्ल्ड कप 2026 का दूसरा सेमीफाइनल आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है। भारत और इंग्लैंड सेमीफाइनल भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा, जबकि टॉस के लिए दोनों कप्तान - सूर्यकुमार यादव और हैरी ब्रूक- आधा घंटा पहले यानी साढ़े 6 बजे मैदान पर उतरेंगे। टी20 वर्ल्ड कप में यह लगातार तीसरा मौका है जब भारत और इंग्लैंड की टीमें सेमीफाइनल में भिड़ रही हैं। इससे पहले 2024 और 2022 टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भी भारत और इंग्लैंड की टीमों का आमना-सामना हुआ था। गौर करने वाली बात यह है कि पिछले दो वर्ल्ड कप विजेता इस सेमीफाइनल को जीतने वाली टीम बनी थी। अब देखना होगा कि 2026 में बाजी कौन मारता है।



### भारत-इंग्लैड पिच रिपोर्ट

वानखेड़े स्टेडियम की पिच को आमतौर पर बैटिंग-फ्रेंडली माना जाता है। छोटी बाउंड्री और सही बाउंस से स्ट्रोक खेलना आसान हो जाता है, जिससे बैट्समैन आसानी से रन बना सकते हैं। हालांकि शुरुआती ओवरों में पेसर कुछ मूवमेंट कर सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, हालात बैट्समैन के पक्ष में हो जाते हैं। पिच पर हल्की घास है, लेकिन मोर्ने मोर्कल को उम्मीद है कि मैच हाई-स्कोरिंग होगा। इसी विरोधी टीम के खिलाफ, इसी जगह पर, अभिषेक शर्मा ने एक साल पहले शानदार सेंचुरी बनाई थी। भारत अपने ओपनर से भी ऐसे ही धमाके की उम्मीद करेगा। इंग्लैंड ने ठीक उसी पिच पर खेला है जो इस सेमीफ़ाइनल के लिए रिज़र्व है। पिछली बार वे वेस्ट इंडीज़ से हार गए थे, जिसमें वेस्ट इंडीज़ ने 196 रन का टारगेट डिफेंड किया था। इस पिच पर खेला गया दूसरा मैच शायद इटली के क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा मैच है, जिसमें उन्होंने नेपाल पर 10 विकेट से जीत हासिल की थी। इंग्लैंड के सैम करन ने कहा कि इस गेम में कंडीशन उनके लिए नई नहीं होंगी। वानखेड़े को बैटर-फ्रेंडली माना जाता है और ऐसा लगता नहीं है कि इंडिया अपनी टीम में कोई बदलाव करेगा। इस मैदान पर पहले बैटिंग करते हुए औसत स्कोर 187 का रहा है, यहां टीमें चेज करना पसंद करती है। ऐसे में भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल में भी टॉस जीतने वाला कप्तान पहले फील्डिंग चुन सकता है।

### भारत-इंग्लैंड टी-20आई हेड टू हेड

भारत और इंग्लैंड के बीच अभी तक कुल 29 टी20 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 17 मैच जीतकर टीम इंडिया ने दबदबा बनाया हुआ है, वहीं इंग्लैंड को भारत के खिलाफ 12 जीत मिली है। पिछले 5 मुकाबलों में भारत ने 4 बार इंग्लिश टीम को धूल चटाई है।

### भारत-इंग्लैंड स्क्वॉड

**इंडिया स्क्वॉडः** अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर

**इंग्लैंड स्क्वॉडः** फिलिप सॉल्ट, जोस बटलर (विकेट कीपर), हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, सैम करन, विल जैक्स, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, बेन डकेट, ल्यूक वुड, जोश टंग, जेमी ओवरटन

### सेमीफाइनल से पहले कोच गंभीर का कड़ा संदेश

# प्रेशर से भागो मत

**मुंबई।** गौतम गंभीर ने टी20 विश्व कप में भारत के नॉकआउट मुकाबले से पहले कहा है कि घर पर नॉकआउट खेलने का ज्यादा वजन होता है, लेकिन उन्होंने जोर दिया कि टीम को इसे पॉजिटिव तरीके से लेना चाहिए। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपने प्लेयर्स से नॉकआउट के प्रेशर को अपनाने की अपील की है, क्योंकि डिफेंडिंग चैंपियन टीम को मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में दो बार की विनर इंग्लैंड का सामना करने के लिए तैयार है। भारत की 2007 और 2011 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के सदस्य गंभीर ने माना कि घर पर नॉकआउट खेलने का ज्यादा वजन होता है, लेकिन उन्होंने जोर दिया कि टीम को इसे पॉजिटिव तरीके से लेना चाहिए। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में बोलते हुए गंभीर ने साफ किया कि इंडिया इस मौके की अहमियत से पीछे नहीं हटेगा। गंभीर ने कहा, एक बात बहुत साफ है, पक्का करें कि हम प्रेशर से भागें नहीं। हम इसे अपनाएं, हम इसका सामना करें, और अगर कभी हमें लगे कि हम प्रेशर में हैं, तो पक्का करें कि हम पॉजिटिव रास्ता अपनाएं। इस गेम का मजा लें, आप इसी के लिए यह गेम खेलते हैं, इस स्पोर्ट के लिए, आपने अपनी पूरी जिंदगी यही खेला है। उन्होंने कहा, घर पर इस तरह के मैच, नॉकआउट जैसा मैच, इसलिए पक्का करें कि हम जोश में हों, किसी प्रेशर में नहीं। अगले 40 ओवर में कभी भी, अगर आपको प्रेशर महसूस हो, तो पक्का करें कि हम पॉजिटिव रास्ता अपनाएं। ठीक है, हिम्मत वाले बनो, इसका मजा लो, देश के लिए खेलने का मजा लो, और शाबाशी जरूरी



बात, एक-दूसरे के लिए खेलने का मजा लो। गंभीर ने आगे कहा, ठीक है, गुड लक। स्किप। अच्छी एनर्जी है। चलो, लड़कों, चलो। चलो। सेमीफ़ाइनल क्रिकेट की सबसे पुरानी दुश्मनी में से एक में एक और चैप्टर जोड़ता है। यह लगातार तीसरा ऊ20 वर्ल्ड कप होगा जिसमें भारत और इंग्लैंड आखिरी चार में आमने-सामने होंगे। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में 2022 के सेमी-फ़ाइनल में भारत को 10 विकेट से हराया, जबकि भारत ने 2024 एडिशन में 68 रन से ज़बरदस्त जीत हासिल करके बदला लिया। गंभीर ने टीम को संबोधित करने से पहले दुखी रिंकू सिंह का साथ देते हुए कहा, आप अकेले नहीं हैं।' गंभीर ने रिंकू सिंह को एक इमोशनल मैसेज दिया, जो अपने पिता खानचंद के गुजरने के ठीक एक दिन बाद टीम में शामिल हुए थे। गंभीर ने कहा, 'दोस्तों, शुरू करने से पहले, रिंकू, टीम में आने और शामिल होने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए। एक बात याद रखें: आप अकेले नहीं हैं। इस समय पूरी टीम आपके साथ खड़ी है, इसलिए मजबूत रहें। रिंकू के पिता का शुक्रवार को लिवर कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया। उन्हें 21 फरवरी को ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था और शुक्रवार सुबह उनकी मौत से पहले वे वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। रिंकू अपने परिवार के साथ रहने और अंतिम संस्कार करने के लिए कुछ समय के लिए टीम से बाहर गए थे, फिर रविवार को वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ़ सुपर 8 के फाइनल मैच से पहले वापस आ गए। उन्हें उस मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया था, संजू सैमसन ने उनकी जगह बरकरार रखी, और वे ज़िम्बाब्वे के खिलाफ पहले मैच में भी नहीं खेल पाए थे। आखिरी समय में इंडिया की वर्ल्ड कप टीम में शामिल किए गए रिंकू ने एक मुश्किल टूर्नामेंट खेला है, जिसमें उन्होंने पांच इनिंग में 24 रन बनाए, जिसमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक डक भी शामिल है। इंग्लैंड के खिलाफ उनका रिकॉर्ड भी ठीक-ठाक रहा है, हैरी ब्रूक की लीडरशिप वाली टीम के खिलाफ तीन इनिंग में 39 रन बनाए हैं।

# एलन और सीफर्ट की पारियों ने हम से मैच जल्दी छीन लिया

**कोलकाता।** साउथ अफ्रीका को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने 9 विकेट से धूल चटाई। कप्तान एडेन मार्करम ने बताया साउथ अफ्रीका के हाथ से सेमीफाइनल फिसला? साउथ अफ्रीका ने 170 का टारगेट दिया था।

एडेन मार्करम की कप्तानी वाली साउथ अफ्रीका टीम आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में चोक कर गई। साउथ अफ्रीका को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ 9 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। साउथ अफ्रीका ने टॉस गंवाने के बाद 169/8 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया था। जवाब में न्यूजीलैंड ने 170 रनों का टारगेट 12.5 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया। फिन एलन (33 गेंदों में नाबाद 100) ने ऐतिहासिक शतक जमाया। वह टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे तेज सेंचुरी लगाने वाले प्लेयर बन गए हैं। वहीं, टिम सीफर्ट (33 गेंदों में 58) ने अर्धशतक ठोका। दोनों ने पहले विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी की और साउथ अफ्रीका को बैकफुट पर धकेल दिया। एलन और सीफर्ड ने पावरप्ले के छह ओवरों में 84 रन जोड़े। मार्करम ने कहा कि साउथ अफ्रीका के हाथों से पावरप्ले में ही मैच फिसल गया था। उन्होंने कहा कि अगर हम 190 का स्कोर बनाते तो शायद मैच में बने रहते। साउथ अफ्रीका ने पांच विकेट 77 रन पर गंवा दिए थे। संकट में मार्को यानसन ( 30 गेंदों में नाबाद 55) ने फिफ्टी लगाई। मार्करम के बल्ले से 18 रन निकले।

मार्करम ने सेमीफाइनल हारने के बाद कहा, मुझे लगता है कि आप शुरुआत में कंडीशन को देखें तो साउथ अफ्रीका ने बहुत अच्छी बॉलिंग की। बॉल ठीक से आ नहीं रही थी। रन बनाना मुश्किल हुआ और प्रेशर बढ़ा। बदकिस्मती से विकेट गिर गए। उनकी बॉलिंग यूनिट को पूरा श्रेय जाता है। ऐसे में ईमांदारी से कहूं तो 170 तक पहुंचना एक शानदार कोशिश थी। टी20 क्रिकेट में अक्सर पावरप्ले में मैच का रुख पल जाता है। न्यूजीलैंड ने अच्छी शुरुआत की और फिर



वहां से वापसी करना बहुत मुश्किल हो गया। फिन एलन और टिम सीफर्ट की पारी को बहुत बड़ा श्रेय जाता है, जिन्होंने मैच को हम से जल्दी छीन लिया। मार्करम का कहना है कि भले ही रिजल्ट उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा लेकिन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व है। साउथ अफ्रीका ने टूर्नामेंट में लगातार सात मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में एंट्री की थी।

### हमें उम्मीद थी कि पिच बहुत अच्छी रहेगी

कप्तान से जब पूछा गया कि दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में क्या अलग कर सकती थी तो उन्होंने कहा, अभी कहना मुश्किल है। हम ग्रुप के तौर पर सोचेंगे। हमें उम्मीद थी कि पिच बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी रहेगी। यह देखने में काफी अच्छी लग रही थी। शायद हमें 190 तक पहुंचने की कोशिश करनी चाहिए थी ताकि गेम में बने रहें। हम बतौर टीम गौर करेंगे। रिजल्ट से जाहिर है कि निराश हैं लेकिन अपने खिलाड़ियों पर बहुत गर्व है, जिन्होंने इस पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला। मार्करम ने शानदार प्रदर्शन के बाद लड़खड़ाने पर कहा, मुझे लगता है कि सबसे पहले इमोशंस को शांत होने देना चाहिए। एक बार जब वे शांत हो जाएंगे तो हम चर्चा करेंगे और उन एरिया को ढूंढने की कोशिश करेंगे जहां बेहतर हो सकता था। हमें और मजबूत होकर आगे बढ़ना होगा और एक टीम के तौर पर बेहतर बनना होगा।

# राशिद और सुमित्रा का फेंसिंग में कोचिंग कोर्स उत्तीर्ण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पटियाला द्वारा आयोजित सिक्स-वीक सर्टिफिकेट कोर्स इन स्पोर्ट्स कोचिंग (फेंसिंग) इंदौर के अब्दुल राशिद एवं सुमित्रा चंद्रवंशी ने उत्तीर्ण की। सफलता पर मास्टर सईद आलम, ओम सोनी, मनीष आर्य, विकास शर्मा, मोहन सावले, जहांगीर खान, अनफाल अंसारी, शिनम खान ने बधाई दी।



# खूनी होली.... दिन दहाड़े युवक की चाकू मारकर हत्या

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**सीने में मारा चाकू, अस्पताल में तोड़ा दम**

भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित शिव पार्वती नगर पालदा में बुधवार दोपहर एकयुवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुरानी रंजिश और होली के दौरान हुए विवाद को लेकर बदमाशों ने युवक के सीने में चाकू उतार दिया। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान आदित्य पिता जयराम जमरे (20)निवासी शिव पार्वती नगर के रूप में हुई है। बुधवार दोपहर घर के पास ही आदित्य का कुछ युवकों से विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने अचानक चाकू निकाला



और आदित्य के सीने पर वार कर दिया। लहूलुहान हालत में परिजन और दोस्त उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि आदित्य क़ी होली खेलने के दौरान तेजाजी चौक में रहने वाले अरुण नाम के युवक से कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते अरुण ने बुधवार को आदित्य को घेरा और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आदित्य मूल रूप से बड़वानी जिले का रहने वाला था और यहाँ पालदा इलाके की एक निजी कंपनी में काम करता था। उसके पिता गाँव में खेती-किसानी करते हैं। आदित्य के दो भाई और एक बहन हैं। भंवरकुआं पुलिस ने केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की टीमें संदिग्धों की तलाश में जुटी हैं और क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि मुख्य आरोपी की पहचान हो चुकी है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# एयरपोर्ट बाउंड्री के पास झाड़ियों में भीषण आग

**दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर से सटी खाली जमीन पर बुधवार शाम अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूखी झाड़ियों और घास में भड़की इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिससे उठती लपटें और धुआं दूर से ही दिखाई देने लगा, जिससे आसपास की कालोनियों के रहवासी भी दहशत में रहे और कई लोग तो आग देखने विमानतल के बाहर वाले क्षेत्र में पहुंच गए। नगर निगम के तीन झोन की टीम भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस, प्रशासन और निगम की टीम से लेकर फायर ब्रिगेड की टीम के दमकल कर्मियों ने भी मोर्चा संभाल लिया था। चूंकि एयरपोर्ट संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है और यहां से विमान की उड़ाने संचालित होती है। घास सुखी होने की वजह से आग लम्बे क्षेत्र में फैलते चली गई और विकराल होती चली गई। आग शाम 6 बजे के बाद लगी और पूरी तरह आग पर नियंत्रण 11.30 बजे किया गया। हर कोई यह जानना चाहता था कि एयरपोर्ट की ओर से जो आग लगी है उसमें हो क्या रहा है, इसीलिए लोग दहशत में थे। आग पर नियंत्रण के लिए विमानतल की गाड़िया भी पहुंची, लेकिन नियंत्रण नहीं हुआ तो दमकल की गाड़ियां बुलाई गई। दमकल की गाड़ियों को भी अन्दर पहुंचने में मशक्कत करना पड़ी और बाहरी क्षेत्र से भी आग पर नियंत्रण की घंटों तक कोशिश की गई और सवा पांच घंटे के बाद सफलता मिली। एरोड्रम थाना प्रभारी तरुणसिंह भाटी भी आग की सूचना के बाद बल के साथ पहुंच गए थे। इधर झोन 16 से जुड़े निगम की टीम के भारत करोसिया, निक्की पथरोड, अनूप पंचवाल, सचिन सिरसिया, रिजवान खान भी पहुंचे थे। सूत्रों का यह भी कहना रहा कि आग दूर तक बड़े रूप में दिखाई दे रही थी और इधर विमानतल के संचालन पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा था, क्योंकि विमानतल परिसर कई एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और आग आउटर इलाके में लगी हुई थी, जिसे नॉन आपरेशनल एरिया कहा जाता है। फायर ब्रिगेड के एसआई रूपचंद पंडित के अनुसार, काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। आग बुझाने में एयरपोर्ट परिसर के कर्मचारियों ने भी पानी डालकर प्रारंभिक सहयोग किया। हालांकि, आग लगने का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, जिसकी पुलिस और संबंधित विभाग जांच कर रहे हैं।

# युवक ने 5वीं मंजिल से कूदकर की खुदकुशी

***परिजनों का पुलिस पर थप्पड़ मारने और प्रताड़ित करने का आरोप***

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**



**चंदन नगर थाना क्षेत्र स्थित ताप्ती परिसर में देर रात एक युवक ने मल्टी की पांचवीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक के परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि पुलिस की मारपीट और डर की वजह से युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया।**

मृतक की पहचान राज पिता मनोज [illegible] (23)के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 2 से 3 बजे के बीच राज को गर्मी लग रही थी, जिसके कारण वह अपनी मल्टी के नीचे टहल रहा था, तभी वहां तैनात चौकीदार ने उससे देर रात घूमने का कारण पूछा और इसी दौरान पुलिस की गश्ती गाड़ी भी वहां पहुँच गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने राज को रोककर पूछताछ की और उसे थप्पड़ मारे। परिवार का कहना है कि पुलिस की इस कार्रवाई से राज बुरी तरह घबरा गया। उसे डर था कि पुलिस उसे पकड़कर ले जाएगी। इसी घबराहट में वह भागकर मल्टी की पांचवीं मंजिल पर पहुँचा और वहां से नीचे कूद गया। सिर और शरीर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जांच में एक पहलू यह भी



सामने आया है कि राज पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव से जूझ रहा था और उसका इलाज चल रहा था। पुलिस इस बात की भी तस्दीक कर रही है कि क्या युवक की मानसिक स्थिति और पुलिस की पूछताछ के बीच कोई सीधा संबंध है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुँचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## मां के सामने कूदा

सूत्रों के मुताबिक जब राज ने छलांग लगाई तब मां रेखा मकवाना भी वहीं मौजूद थी। वह उसे दो बार समझाइश देकर अंदर आने के लिए बोल चुकी थी। जब वह नीचे पहुंची तभी राज ने उनके सामने छलांग लगा दी।

# पानी के गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम तिल्लोर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ घर के पास खेत में खेल रही मात्र 18 माह की मासूम बच्ची की पानी से भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। मृतिका अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक, तिल्लोर निवासी संदीप की 18 महीने की बेटी रजनी शाम के समय घर के पास खेत में खेल रही थी। खेलते-खेलते मासूम खेत में भरे पानी के गड्ढे में संतुलन बिगड़ने से औंधे मुँह गिर गई। घटना के समय बच्ची की माँ घर के अंदर खाना बना रही थी और दादी पास में ही काम में व्यस्त थी। परिजनों को लगा कि बच्ची घर के आसपास ही खेल रही है। करीब 20 मिनट बाद जब दादी ने रजनी की तलाश शुरू की, तो वह गड्ढे में बेसुध मिली। परिजन उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल और फिर वहां से एमवाय अस्पताल लेकर पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने रुंधे गले से बताया कि रजनी इकलौती संतान थी। पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।